



# तरुण छत्तीसगढ़

e-Paper- tarunchhattisgarhkorba.com
कोरबा एवं रायपुर से एक साथ प्रकाशित डाक पंजीयन क्रमांक- जी2-112/सी.जी/बीएलपी/003/2024-2026



सुनालिया ज्वेलर्स
हीरा, स्वर्ण, हॉलमार्क ज्वेलरी, रजत, राशि नग के विक्रेता
मो. 94255-32524,94241-43922
पावर हाउस रोड, कोरबा



वर्ष 36 अंक 134 | कोरबा, शुक्रवार , दिनांक 14 फरवरी 2025 डाक 15 फरवरी 2025 | पृष्ठ : 8 मूल्य 2.00 रुपए



**विविधा**
प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का वाशिंगटन डीसी पहुंचने पर भारतीय समुदाय द्वारा गर्मजोशी से स्वागत किया गया






**देश-विदेश**
बजट में किसी भी सेक्टर के लिए नहीं की गई कटौती यूपीए शासित राज्यों को वित मंत्री ने क्या दी नसीहत





**फीचर**
बदलते मौसम में त्वचा को स्वस्थ और चमकदार रखने के लिए अपनाएं ये 5 तरीके

# डबल इंजन सरकार ने निर्दोष लोगों की जान ली, मणिपुर में राष्ट्रपति शासन को लेकर केंद्र पर भड़की कांग्रेस



**नईदिल्ली, 14 फरवरी [एजेंसी]।**

मणिपुर में राष्ट्रपति शासन लागू कर दिया गया है। एन बीरेन सिंह ने पहले ही सीएम पद से इस्तीफा दे दिया है। इस्तीफे के बाद भाजपा के पूर्वोत्तर प्रभारी संबित पात्रा ने पार्टी विधायकों के साथ कई दौर की चर्चा की है। हालांकि, राज्य का अलगा सीएम कौन होगा, इस बात का अब तक फैसला नहीं हो सका है। इसी बीच कांग्रेस ने मणिपुर के हालात को लेकर मोदी सरकार पर निशाना साधा है। कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने एक्स पर पोस्ट लिखते हुए कहा, आपकी (बीजेपी) पार्टी ही 11 साल से केंद्र में शासन कर रही है। यह आपकी पार्टी है जो 8 साल तक मणिपुर पर शासन कर रही थी। यह भाजपा ही है जो राज्य में कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए जिम्मेदार थी।यह आपकी सरकार है जो राष्ट्रीय सुरक्षा और सीमा गश्ती के लिए जिम्मेदार है। आपके द्वारा राष्ट्रपति शासन लगाना, अपनी ही पार्टी की सरकार को निलंबित करना इस बात की सीधी स्वीकारोक्ति है कि आपने मणिपुर के लोगों को कैसे विफल किया। खरगे ने आगे लिखा, आपने राष्ट्रपति शासन इसलिए नहीं लगाया क्योंकि आप ऐसा चाहते थे, बल्कि इसलिए लगाया क्योंकि राज्य में संवैधानिक संकट है, क्योंकि आपका कोई भी विधायक आपकी अक्षमता का बोझ स्वीकार करने को तैयार नहीं है। आपका डबल इंजन मणिपुर की निर्दोष जनता की जान पर बन आया! अब समय आ गया है कि आप मणिपुर में कदम रखें और पीड़ित लोगों के दर्द और आघात को सुनें और उनसे माफी मांगें। क्या आपमें दृढ़ विश्वास का साहस है। वहीं, राहुल गांधी ने भी मणिपुर में राष्टपति शासन लगाए जाने पर मोदी सरकार को आड़े हाथों लिया। उन्होंने कहा, मणिपुर में राष्ट्रपति शासन लागू करना भाजपा द्वारा मणिपुर में शासन करने में उनकी पूर्ण अक्षमता की देर से स्वीकारोक्ति है।

राहुल गांधी ने आगे कहा,अब पीएम मोदी मणिपुर के लिए अपनी सीधी जिम्मेदारी से इनकार नहीं कर सकते। क्या उन्होंने अंततः राज्य का दौरा करने और मणिपुर और भारत के लोगों को शांति और सामान्य स्थिति बहाल करने की अपनी योजना समझाने का मन बना लिया है। मणिपुर की जनता आपको और आपकी पार्टी को माफ नहीं करेगी। कांग्रेस विधायक थोकचोम लोकेश्वर ने संबित के राज्य दौरे के उद्देश्य पर सवाल उठाया। उन्होंने कहा कि भाजपा विधायकों से चर्चा कर संबित को नए सीएम की नियुक्ति में अग्रणी भूमिका निभानी चाहिए। 12वीं मणिपुर विधानसभा का पिछला सत्र 12 अगस्त 2024 को संपन्न हुआ था, जबकि 10 फरवरी से शुरू होने वाले सातवें सत्र को राज्यपाल निरस्त कर चुके हैं।

# राजौरी में सेना पर हमले की साजिश नाकाम, हथियारों का जखीरा बरामद



**राजौरी, 14 फरवरी [एजेंसी]।**

जम्मू जिला के अखनूर में एलओसी पर दो दिन पहले हुए आईईडी विस्फोट को राजौरी सीमा पर दोहराने का आतंकियों का बड़ा षड्यंत्र नाकाम हो गया है। राजौरी में एलओसी पर सेना के जवानों को निशाना बनाने के लिए आतंकियों द्वारा लगाई गई एंटी टैंक माइन बरामद की गई है। इसके साथ जवानों ने चार एंटीपर्सनल माइन, छर्रे, फावड़े, रस्सी और कुछ अन्य सामान भी बरामद किया है। सूत्रों के अनुसार, बुधवार को आतंकियों ने राजौरी व पुंछ जिला के मध्य पड़ते तरकुंडी सेक्टर में भारतीय क्षेत्र में घुसपैठ का प्रयास किया था। आतंकियों ने एंटी टैंक माइन को भारतीय क्षेत्र में फिट करना था, ताकि जैसे ही जवान इस माइन के ऊपर से गुजरें तो उसमें विस्फोट हो और सेना को बड़ा नुकसान पहुंचाया जाए।

इस षड्यंत्र के तहत सीमा पार से जैसे ही भारतीय सेना के जवानों पर गोलीबारी हुई, उसी समय आतंकी भी भारतीय क्षेत्र में दाखिल होने का प्रयास करने लगे। इसपर पहले से सतर्क भारतीय सेना के जवानों की उचित कार्रवाई के चलते आतंकियों को अपने साथ लाए एंटी टैंक माइन सहित अन्य सामान को वहीं फेंककर अपनी जान बचाने के लिए वापस भागना पड़ा। इस घटना के बाद गुरुवार को सेना के जवानों ने एलओसी के पास तलाशी अभियान शुरू किया। इस दौरान जवानों ने एक एंटी टैंक माइन के साथ अन्य सामान बरामद किया।

# आरबीआई ने इस बैंक पर लगाया बैन, पैसे निकालने पर भी रोक




**नईदिल्ली, 14 फरवरी [एजेंसी]।**

बैंकिंग सेक्टर के रेगुलेटर रिजर्व आरबीआई ने मुंबई स्थित न्यू इंडिया को-ऑपरेटिव बैंक के कामकाज पर कई तरह की पाबंदियां लगा दी हैं। इसका सबसे अधिक असर बैंक के ग्राहकों के ग्राहकों पर पड़ेगा, जो अपने खून-पसीने की कमाई अब नहीं निकाल सकेंगे। आरबीआई के बैन के बाद न्यू इंडिया को-ऑपरेटिव बैंक अब न कोई लोन दे सकेगा और न ही कोई डिपॉजिट ले सकेगा। यह प्रतिबंध 13 फरवरी 2025 से अगले छह महीनों के लिए लागू हो चुका है। इससे ग्राहकों को भी परेशानी होगी, क्योंकि वे अपने बैंक में जमा अपने पैसे अब नहीं निकाल सकेंगे। हालांकि, इस दौरान आरबीआई बैंक के कामकाज की बारीक जांच करेगा और वह प्रतिबंध की अवधि खत्म होने के बाद जरूरी रियायत भी दे सकता है।

आरबीआई ने अपने बयान में कहा, मौजूदा कैश (लिक्विडिटी) को ध्यान में रखते हुए बैंक को निर्देश दिया गया है कि वह किसी भी जमाकर्ता को बचत खाते, चालू खाते या किसी अन्य खाते से धन निकालने की अनुमति न दे। हालांकि, बैंक को लोन को जमा राशि के खिलाफ समायोजित (सेट ऑफ) करने की अनुमति दी गई है, बशर्ते कि यह आरबीआई के जारी निर्देशों के अनुसार हो। इसके अलावा, बैंक वेतन, किराया और बिजली बिल जैसी जरूरी चीजों पर खर्च कर सकता है।

# अमेरिका से अवैध प्रवासियों को लेकर फिर आ रहा जहाज, अमृतसर में कल रात होगी लैंडिंग




**जालंधर, 14 फरवरी [एजेंसी]।**

अमेरिका में अवैध रूप से रह रहे भारतीयों से भरा एक और प्लेन शनिवार को अमृतसर पहुंच रहा है। प्लेन में कितने यात्री होंगे और ये कब लैंड होगा, इस बारे में अभी कोई जानकारी नहीं है। प्लेन के आने की सूचना के बाद से अमृतसर में खुफिया एजेंसियां चौकन्नी हो गई हैं। पंजाब पुलिस के डीसीपी हरप्रीत सिंह मंढेर ने बताया कि सूचना मिली है कि शनिवार रात को एक जहाज अमृतसर में लैंड होगा। इससे पहले पांच फरवरी को अमेरिका से 104 भारतीयों को डिपोर्ट कर दिया गया था। डिपोर्ट किए गए भारतीयों में देश के छह राज्यों के लोग शामिल थे। इनमें हरियाणा के 34, गुजरात के 33 लोग और पंजाब के 30 लोग अमेरिका से डिपोर्ट किए गए हैं। इसके अलावा महाराष्ट्र के 3, उत्तर प्रदेश के 2 और चंडीगढ़ के 2 लोग शामिल थे। अमृतसर में विमान को उतारने की कई वजह रही। मुख्य कारण यह रहा कि अमेरिका से डिपोर्ट हुए भारतीय नागरिकों में पंजाब और हरियाणा के लोग ज्यादा थे। वहीं दिल्ली के इंदिरा गांधी इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर विमान को इस वजह से भी नहीं उतारा गया था क्योंकि पांच फरवरी को दिल्ली विधानसभा चुनाव के लिए मतदान था।

जितने भी लोगों को अब अमेरिका की ओर से वापिस भेजा जा रहा है। वह सभी एजेंटों के जरिये डंकी लगवाकर जाते हैं। इस तरह एजेंट प्रति व्यक्ति 35 से 40 लाख रुपये लेते हैं। इन सभी लोगों को मैक्सिको, पनामा आदि के जंगलों के जरिये अमेरिका में गैर-कानूनी तरीके से प्रवेश करवाया जाता है। यहां तक बहुत सारे ऐसे भी लोग होते हैं जो अमेरिका तक पहुंच ही नहीं पाते और जंगलों में भूख-प्यास के मारे दम तोड़ देते हैं।

## देश में सवाल पूछो तो चुप्पी, विदेश में पूछो तो निजी मामला! राहुल का पीएम मोदी पर बड़ा हमला



**नईदिल्ली।** अमेरिका में अदाणी समूह को लेकर पूछे गए सवाल को लेकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जवाब पर कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने सवाल उठाए हैं। उन्होंने कहा कि देश में सवाल पूछो तो चुप्पी, विदेश में पूछो तो निजी मामला! अमेरिका में भी पीएम मोदी ने अदाणी के भ्रष्टाचार पर पर्दा डाल दिया! जब मित्र का जेब भरना पीएम मोदी के लिए राष्ट्र निर्माण है, तब रिश्वतखोरी और देश की संपत्ति को लूटना व्यक्तिगत मामला बन जाता है।

# जम्मू-कश्मीर लाइलाज बीमारी

## महबूबा मुफ्ती ने पाकिस्तानी सेना से की बीजेपी की तुलना, कहा- दोनों नहीं चाहते हल



**जम्मू।** पीडीपी अध्यक्ष और पूर्व मुख्यमंत्री महबूबा मुफ्ती ने गुरुवार को जम्मू-कश्मीर को एक लाइलाज बीमारी कहा और भाजपा की तुलना पाकिस्तानी सेना से कर डाली। महबूबा ने कहा कि जिस तरह से पाकिस्तानी सेना जम्मू-कश्मीर समस्या के समाधान में रुकावट है और वह वोटों के ध्रुविकरण के लिए कश्मीर मसले का इस्तेमाल करती है, उसी तरह भाजपा भी अपने वोट बैंक की खातिर इस समस्या के समाधान में दिलचस्पी नहीं रखती है। भाजपा ने महबूबा के बयान पर पलटवार करते हुए कहा कि कश्मीर के लोगों ने पीडीपी को नकार दिया है।

अब यह पार्टी जितनी भी कोशिश कर ले, लोग उसके बहकावे में नहीं आने वाले हैं। पैरों के नीचे से जमीन खिसक जाने से पीडीपी हताश है। जम्मू-कश्मीर में बेगुनाहों का खून बहाने वाले, पाकिस्तान की पैरवी करने वाले, ये राजनीतिक दल व इसके नेता लोगों के हितैषी नहीं है। श्रीनगर में पार्टी मुख्यालय से पीडीपी के सदस्यता अभियान की शुरुआत करने के बाद पत्रकारों के साथ बातचीत में महबूबा ने कहा कि जम्मू-कश्मीर समस्या एक लाइलाज बीमारी की तरह है, जिसका इलाज करने की जरूरत है। इसका इलाज तभी होगा जब आप लोगों के घावों पर मरहम लगाएंगे और नियंत्रण रेखा के आर-पार आने जाने के उन मार्गों को खोलेंगे, जिन्हें आपने (भाजपा सरकार) बंद कर दिया।

# आने वाली पीढ़ियां पुलवामा के नायकों का बलिदान नहीं भूलेंगी: मोदी



**नईदिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शुक्रवार को पुलवामा हमले की छठी बरसी पर वीर जवानों की शहादत को याद किया। पीएम मोदी ने कहा कि शहीदों के राष्ट्र के प्रति समर्पण को कभी भी भूला नहीं जा सकता है। प्रधानमंत्री मोदी ने अपनी भावनाओं को सोशल मीडिया साइट एक्स पर व्यक्त किया। इसमें उन्होंने लिखा, 2019 में पुलवामा में हमने जिन साहसी नायकों को खो दिया, उन्हें श्रद्धांजलि। आने वाली पीढ़ियां उनके बलिदान और राष्ट्र के प्रति उनके अटूट समर्पण को कभी नहीं भूलेंगी। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने भी शहीदों को श्रद्धांजलि दी। उन्होंने लिखा कि आज ही के दिन 2019 में भारत ने पुलवामा में एक आतंकवादी हमले में सीआरपीएफ के वीर जवानों को खो दिया था। देश के लिए उनका बलिदान कभी भुलाया नहीं जा सकेगा। मैं उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित करता हूं और उनके परिवारों के प्रति अपना समर्थन प्रकट करता हूं। भारत जवानों की वीरता का सम्मान करने के लिए एकजुट है और आतंकवाद के खिलाफ अपनी लड़ाई में दृढ़ हैं।

इससे पहले केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने भी पुलवामा हमले के शहीदों को नमन करते हुए लिखा, साल 2019 में आज के ही दिन पुलवामा में हुए कायराना आतंकी हमले में वीरगति को प्राप्त हुए जवानों को कृतज्ञ राष्ट्र की ओर से भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित करता हूं। आतंकवाद समूची मानव जाति का सबसे बड़ा दुश्मन है और इसके खिलाफ पूरी दुनिया संगठित हो चुकी है। चाहे सर्जिकल स्ट्राइक हो या एयर स्ट्राइक, मोदी सरकार आतंकवादियों के खिलाफ जीरो टॉलरेंस की नीति से अभियान चलाकर उनके समूल नाश के लिए संकल्पित है।14 फरवरी 2019 को ही जम्मू श्रीनगर राष्ट्रीय राजमार्ग पर सीआरपीएफ के जवानों के काफिले पर आत्मघाती हमला हुआ था। इस हमले में सीआरपीएफ के 40 जवान शहीद हो गए थे।

# भूपेश बघेल और टीएस सिंहदेव को बड़ी जिम्मेदारी सौंपकर कांग्रेस चौंकाएगी



**रायपुर।** कांग्रेस के राष्ट्रीय संगठन में बड़ा बदलाव होने वाला है। बताया जा रहा है कि ओबीसी चेहरे को संगठन में शामिल किया जाएगा। ऐसे में छत्तीसगढ़ के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल को AICC का महासचिव बनाया जा सकता है। वहीं, टीएस सिंहदेव को प्रदेश अध्यक्ष की कमान सौंपी जा सकती है। भूपेश बघेल गुरुवार की सुबह दिल्ली रवाना हो गए हैं। सूत्रों के मुताबिक, कांग्रेस संगठन में व्यापक फेरबदल की तैयारी चल रही है। बीवी श्रीनिवास, कृष्णा अल्लावरु समेत कई नेताओं को भी महत्वपूर्ण पद मिलने की चर्चा है। बघेल प्रदेश में पार्टी का कद्दावर OBC चेहरा हैं। दिल्ली में बघेल अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे और नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी समेत दूसरे नेताओं से मुलाकात करेंगे। इसमें तय हो सकता है कि बघेल को नई और महत्वपूर्ण जिम्मेदारी मिलने जा रही है। इस समय कई समीकरण बदलाव की वजह बन रहे हैं। सूत्रों के मुताबिक, कांग्रेस का शीर्ष नेतृत्व प्रदेश में बड़े नेताओं के बीच खींचतान को खत्म करने और एकता बहाल करने के मकसद के लिए ये बड़ा कदम उठाने जा रहा है।

# 7 साल के बच्चे की मौत के बाद भी नहीं चेते रायपुर में चायनीज मांझा का कहर जारी



**रायपुर, 14 फरवरी [एजेंसी]।**

छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर में चायनीज मांझा का कहर जारी है. चायनीज मांझे के कारण एक स्कूटी सवार बुजुर्ग का मुंह बुरी तरह से कट गया। घायल का अंबेडकर अस्पताल में इलाज जारी है। इससे पहले 19 जनवरी को चायनीज मांझे की चपेट में आने से 7 साल के मासूम की मौत हुई थी। जानकारी के मुताबिक, चाइनीज मांझे में फंसकर गुरुवार को अमलीडीह निवासी 61 वर्षीय होमराज ब्राह्मणकर का मुंह और अंगूठा बुरी तरह कट गया। वह स्कूटी चलाकर अमलीडीह से एक्सप्रेस-वे से रेलवे स्टेशन की तरफ जा रहे थे। इसी दौरान एक्सप्रेस-वे पर पंडरी क्षेत्र में चीनी मांझे में फंसकर चोटिल हो गए। उन्हें पंडरी जिला अस्पताल ले जाया गया, जहां डाक्टरों ने गंभीर हालत देखकर आंबेडकर अस्पताल रेफर कर दिया।

फिलहाल अम्बेडकर अस्पताल में इलाज जारी है। 19 जनवरी को पचपेड़ी नाके के पास सात वर्षीय पुष्कर साहू का गला चीनी मांझे से कट गया और उसकी जान चली गई थी। एक और घटना में महिला वकील पूर्णशा कौशिक के गले में पंडरी माल के पास एक्सप्रेस-वे पर चीनी मांझा फंसा था। उनका गला और हाथ कट गया था। शहर में धड़ल्ले से बिक रहे चीनी मांझे आए दिन हादसों का कारण बन रहे हैं। प्रतिबंधित होने के बाद भी दुकानों में ये आसानी से मिल रहे हैं, लेकिन जिम्मेदार इनके खिलाफ कार्रवाई नहीं कर रहे हैं।





**स्किन केयर व कास्मेटोलाजी क्लिनिक**
चर्म , गुप्त, कुष्ठ रोग विशेषज्ञ एवं सैक्स सलाहकार
डॉ.आर.के.अग्रवाल M.B.B.S.D.V.D.FDS (Lond.)F.i.a.m.s.(Ind.)
-: परामर्श का समय :- सुबह 10.30 से 1.30 (शाम को बंद )
डॉ.शशि अग्रवाल M.B.B.S.D.V.D.(U.K) Mob.9826389894
सुविधायें:- गंजापन, मस्से हटाना, दाद खाज खुजली, एक्जीमा, एलर्जी, सड़े नाखून, कुष्ठ रोग, काले दाग, मुंहासे, बाल झड़ना, सेक्स की कमी, शीघ्र पतन, धात, मानसिक रोगों का मशीनों व अत्याधुनिक दवाओं द्वारा शीघ्र ईलाज, फोटोथेरेपी, इलेक्ट्रीशिकेशन, क्रायोसर्जरी, सायकोथेरेपी का ईलाज।
मो. 9203907928,9826389894 (क्लीनिक)
विशेष : बुधवार को 20 मरीजों का फीस माफ...
पता : एचआईजी -4 नेहरू नगर , रिकाण्डो रोड घोड़ा चौक , बुधवारी बाजार के पास, कोरबा


# सपा सांसद अफजाल अंसारी के खिलाफ केस दर्ज महाकुंभ पर तीखे बयान को लेकर हुई कार्रवाई



**गाजीपुर, 14 फरवरी [एजेंसी]।**

सपा से गाजीपुर के सांसद अफजाल अंसारी के खिलाफ बृहस्पतिवार की रात शादियाबाद थाने में मुकदमा दर्ज कराया गया। यह मुकदमा जिला सहकारी बैंक गाजीपुर के पूर्व अध्यक्ष देव प्रकाश सिंह ने दर्ज कराया है। आरोप है कि सांसद ने अपने पद की गरिमा के विरुद्ध जाते हुए टिप्पणी की, जिससे सनातन हिन्दू धर्म की धार्मिक भावनाएं आहत हुई हैं। इसके पूर्व भी सनातन हिन्दू धर्म के साधू संतों के विरुद्ध अमर्यादित टिप्पणी की गई थी। सपा सांसद अफजाल अंसारी ने प्रयागराज महाकुंभ में स्नान करने वालों को लेकर बयान दे डाला था। उनके इस बयान का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है, जिसमें वह कह रहे हैं कि मान्यता है कि संगम तट पर नहाकर व्यक्ति का पाप धुल जाएगा। बैकुंठ में जाने का रास्ता खुल जाएगा और भीड़ देखने से ऐसा लग रहा है कि अब नर्क में कोई नहीं बचेगा और स्वर्ग में हाउसफुल हो जाएगा।

# शनिवार सुबह 9 बजे से शुरू होगी काउंटिंग

**कोरबा।** नगरीय निकाय निर्वाचन 2025 अंतर्गत कोरबा जिले के सभी 06 नगरीय निकायों नगर पालिक निगम कोरबा, नगर पालिका परिषद् दीपका, नगर पालिका परिषद् कटघोरा, नगर पालिका परिषद् बांकी मोगरा, नगर पंचायत पाली एवं नगर पंचायत छुरीकला की मतगणना में 15 फरवरी 2025 को प्रात: 09 बजे से प्रारंभ होगी। मतगणना हेतु स्था निर्धारित किया गया है। जिसमें नगर पालिक निगम कोरबा, नगर पालिका परिषद् दीपका एवं नगर पालिका परिषद् बांकी मोगरा की मतगणना - इंस्टीटयूट ऑफ टेक्नोलॉजी (आई.टी.) कॉलेज झगरहा में, नगर पालिका परिषद् कटघोरा व नगर पंचायत छुरीकला की मतगणना - शासकीय मुकुटधर पाण्डेय महाविद्यालय कटघोरा में तथा नगर पंचायत पाली की मतगणना - मंगल भवन नगर पंचायत पाली में किया जाएगा।

छत्तीसगढ़ राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा नियुक्त सामान्य प्रेक्षक की उपस्थिति में सभी 06 नगरीय निकायों में मतगणना हेतु 06 रिटर्निंग आफिसर, 16 सहायक रिटर्निंग आफिसर, 196 गणना पर्यवेक्षक एवं 196 गणना सहायक नियुक्त किये गये हैं।

नगर निगम कोरबा के लिए होगी सर्वाधिक मतगणना टेबल

नगर निगम कोरबा में ईवीएम की मतगणना हेतु 04 कक्ष में वार्डवार 67 टेबल एवं रिटर्निंग आफिसर द्वारा डाक मतपत्रों की गणना पृथक से 01 कमरे में 07 टेबल में की जाएगी। इसी तरह नगर पालिक परिषद् दीपका



में मतगणना हेतु 21 टेबल, बांकी मोगरा में वार्डवार 30 टेबल, कटघोरा में वार्डवार 15 टेबल, नगर पंचायत छुरीकला में 01 कक्ष में वार्डवार 15 टेबल, नगर पंचायत पाली में मतगणना हेतु 01 कक्ष में वार्डवार 15 टेबल लगाई जाएगी। दीपका, बांकीमांगरा, कटघोरा, छुरी और पाली में रिटर्निंग आफिसर द्वारा डाक मतपत्रों की गणना मतगणना हेतु निर्धारित कमरे के टेबल में की जाएगी।

परिचय पत्र के साथ प्रात: 8 बजे से करना होगा प्रवेश

नगरीय निकायों के लिए बनाये गए प्रत्येक मतगणना हॉल में अभ्यर्थियों/गणना एजेन्टों के लिए पृथक प्रवेश द्वार होगे तथा रिटर्निंग आफिसर/सहायक रिटर्निंग आफिसर एवं गणना में लगे अधिकारी/कर्मचारियों के लिए भी पृथक प्रवेश द्वार होगें। सभी अभ्यर्थियों, गणना एजेंटों एवं उनके निर्वाचन एजेंटों को पहचान पत्र जारी किये जायेगे। असुविधाओं से बचने के लिए सभी अपने परिचय पत्र के साथ मतगणना हॉल में प्रात: 8 बजे तक प्रवेश करेंगे।

मोबाइल ले जाने की नहीं होगी अनुमति

मतगणना परिसर में मीडिया सेन्टर और कम्प्युनिकेशन सेन्टर में मोबाइल फोन ले जाने की अनुमति रहेगी लेकिन मतगणना हॉल में मोबाईल फोन ले जाना प्रतिबंधित रहेगा। मतगणना हॉल में किसी भी इलेक्ट्रॉनिक उपकरण, कैमरा, स्मार्टवॉच, लेपटॉप, गुटखा, सिगरेट के साथ प्रवेश करने की अनुमति नहीं होगी। मतगणना स्थल पर त्रि-स्तरीय पुलिस सुरक्षा की व्यवस्था की गई है। मतगणना केन्द्र पर मीडिया केन्द्र स्थापित किया जा रहा है। मतगणना हॉल में केवल रिटर्निंग आफिसर/सहायक रिटर्निंग आफिसर,मतगणना पर्यवेक्षक, मतगणना सहायक, छत्तीसगढ़ राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा प्राधिकृत व्यक्ति एवं आब्जर्वर, निर्वाचन के संबंध में डयूटी पर तैनात लोक सेवक अभ्यर्थी, उनका निर्वाचन अभिकर्ता तथा गणना अभिकर्ता को जाने की अनुमति होगी। मतगणना हॉल में किसी भी सुरक्षकर्मी को रिटर्निंग अधिकारी की अनुमति के बिना अंदर प्रवेश करने की अनुमति नहीं होगी।

मतगणना कक्ष में निर्धारित क्रम में बैठना होगा

आयोग के निर्देशों के अनुसार मतगणना केन्द्रों पर अभ्यर्थियों के मतगणना अभिकर्ताओं के लिए बैठक व्यवस्था का क्रम निर्धारित किया गया है। सर्वप्रथम मान्यता प्राप्त राष्ट्रीय दलों के अभ्यर्थियों के मतगणना अभिकर्ता फिर मान्यता प्राप्त राज्यीय दलां के अभ्यर्थियों के मतगणना अभिकर्ता इसके बाद पंजीकृत अमान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के अभ्यर्थियों के मतगणना अभिकर्ता और निर्दलीय अभ्यर्थियों के मतगणना अभिकर्ता बैठेंगे। किसी भी गणना अभिकर्ता को हॉल में अपने मेज से अन्य मेज पर जाने की अुनमति नहीं होगी। गणना अभिकर्ता को मतगणना के दिन प्रारूप 18 (क) के भाग एक (अभ्यर्थी के मतदान अभिकर्ता को मतदान दिवस के दिन पीठासीन अधिकारी द्वारा दिये गये प्रारूप) लेकर आना अपेक्षित है।

सर्वप्रथम डाकमत पत्रों की होगी गणना

स्ट्रांग रूम को निर्धारित समय पर प्रेक्षक, रिटर्निंग एवं सहायक रिटर्निंग अधिकारी एवं राजनैतिक दल के प्रतिनिधियों के समक्ष खोला जायेगा। जिसकी वीडियोग्राफी की जाएगी। रिटर्निंग ऑफिसर के द्वारा सर्वप्रथम डाक मतपत्र में सर्वप्रथम महापौर/अध्यक्ष पद हेतु प्राप्त निर्वाचन कर्तव्य मतपत्रों की गणना की जायेगी। तत्पश्चात् एक-एक करके क्रम से सभी वार्डो के लिए प्राप्त निर्वाचन कर्तव्य मतपत्रों की गणना की जाएगी। निर्वाचन कर्तव्य मतपत्र की गणना प्रारंभ होने के 30 मिनट पश्चात् मतदान मशीनों (ईवीएम) में रिकॉर्ड किये गये मतों की गणना की जाएगी।

अनुशासन बनाये रखना होगा, निर्देशों का उल्लंघन करने पर होंगे बाहर

मतगणना हॉल में मतगणना के दौरान अनुशासन एवं गरिमा बनाई रखी जायेगी। रिटर्निंग आफिसर/सहायक रिटर्निंग आफिसर के दिशा-निर्देशों का उल्लंघन करने वाले को मतगणना हॉल में बाहर भेजा जा सकता है। मतगणना पर्यवेक्षक ईवीएम के कन्ट्रोल यूनिट पर परिणाम वाले बटन को दबाने के समय सभी अभ्यर्थियों/गणना अभिकर्ता को कन्ट्रोल यूनिट का डिस्प्ले पैनल दिखायेगा ताकि वे कन्ट्रोल यूनिट के डिस्प्ले पैनल पर प्रदर्शित प्रत्येक अभ्यर्थी के पक्ष में डाले गये मतों को नोट कर सकें।

## कमला नेहरु महाविद्यालय में बीएड द्वितीय वर्ष के छात्र-छात्राओं ने प्रायोगिक कार्य अंतर्गत प्रस्तुत किया ड्रामा

कोरबा । अपने विद्यार्थी को विषय की गहराई समझाने एक शिक्षक के लिए टॉपिक को रोचक और मनोरंजक बनाकर प्रस्तुत करना अपेक्षाकृत सरल हो जाता है। यही वजह है जो बीएड की पढ़ाई में प्रशिक्षार्थियों के लिए ड्रामा या अभिनय पाठ का भी समावेश है। इसी कड़ी में कमला नेहरु महाविद्यालय में बीएड द्वितीय वर्ष के छात्र-छात्राओं ने सामाजिक विज्ञान अंतर्गत साइबर फ्रॉड से बचाव, गणित के रुप व हिंदी में सदाचार का ताबीज टॉपिक पर ड्रामा प्रस्तुत किया। गणित-अंग्रेजी हो या विज्ञान, उसमें कला का संगम हो जाए, तो जटिल थ्योरी को भी समझना सरल हो जाता है। टीचिंग में कॅरियर बनाने शिक्षा में स्नातक की पढ़ाई कर रहे बीएड के विद्यार्थियों के लिए यह काफी महत्वपूर्ण सबक है। इस बात को ध्यान में रखते हुए बीएड की पढ़ाई में ड्रामा या अभिनय पाठ का एक अहम रोल है। किसी विषय को पढ़ाते समय शिक्षक अगर टॉपिक में ड्रामा की जरा सी मिलावट कर दे तो उसे मनोरंजक और रोचक बनाया जा सकता है, जो बच्चों को समझने में कारगत साबित होगा। इसी कड़ी में गुरुवार को कमला नेहरु महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. प्रशांत बोपापुरकर के मार्गदर्शन में बीएड द्वितीय वर्ष के छात्र-छात्राओं ने पेडागोजी अंतर्गत अपने-अपने विषय में अभिनय पाठ प्रस्तुत किया। गणित में इंपॉर्टेंस आफ मैथमेटिक्स, गणित के रुप, विज्ञान में मलेरिया से बचाव व जागरुकता और विज्ञान बनाम अंधविश्वास, हिंदी में सदाचार का ताबीज, अंग्रेजी में मदर्स डे तथा सामाजिक विज्ञान विषय पर साइबर क्राइम टॉपिक पर अभिनय पाठ प्रस्तुत किया

## बीएनआई बिलियनर्स कोरबा का भव्य शुभारंभ


**कोरबा।** बी एन आई ( बिजनेस नेटवर्क इंटरनेशनल), विश्व की अग्रणी व्यवसाय और रेफरल संगठन, अब रेस्ट ऑफ़ छत्तीसगढ़ रीजन के तहत कोरबा में अपना दूरसरा चैप्र बीएनआई बिलियनर्स लॉन्च कर रहा है। बीएनआई वर्तमान में 79 देशों, 11.300 चैप्ट्स और 3.36 लाख से अधिक सदस्यों के साथ वैश्विक व्यापार का एक मजबूत लेटफार्म है। पिछले 40 वर्ष मं बीएनआई बिलियनर्स ने वैश्विक स्तर पर व्यापार को बढ़ावा दे रहा है।7 वहीं पिछले 12 महीनों में दुनियाभर के सदस्यों ने 2,17.000 करोड़ रुपये से जुड़ा का आपसी व्यापार किया है। भारत में यह संगठन 131 शहरों में सक्रिय है, और अब कोरबा भी इस प्रतिष्ठित संस्था का हिस्सा बने जा रहा है। बीएनआई बिलियनर्स कोरबा का शुभारंभ 15 फरवरी को प्रात: 7:30 बजे जश्न रिसोर्ट में किया जाएगा।





इसअवसर पर कोरबा के प्रतिष्ठित व्यवसायी, उद्यमी और विभिन्न उद्योगों के पेशेवर भाग लेंगे। व्यवसाय जगत के लिए बड़ा अवसर इस नए चैप्टर का उद्देश्य स्थानीय व्यवसायों को वैश्विक नेटवर्क से जोड़कर उनके व्यापार को नया आयाम देना है। बी एन आई एक संरचित बिज़नेस प्लेटफार्म प्रदान करता है, जो रेफरल आधारित व्यवसाय के अवसरों को बढ़ाता है और स्थानीय उद्योगों को अपनी पहुंच को विस्तारित करने का मौका देता है। व्यापारी समुदाय में उत्साह बी एन आई रायपुर एवं रेस्ट ऑफ छत्तीसगढ़ के एग्जीक्यूटिव डायरेक्टर, श्री राजेश बाईस्या ने इस लॉन्च को कोरबा के व्यापार जगत की एक बड़ी क्रांति बताया। बी एन आई बिलियनेयर्स कोरबा के प्रथम लीडरशिप टीम - आनंद अग्रवाल, हरकुंवर सिंह भाटिया, सागर माखीजा सहित सभी सदस्य इस ऐतिहासिक लॉन्च को लेकर बेहद उत्साहित हैं। लॉन्च एंबेस्डर प्रशांत महतो ने कहा की बीएनआई के माध्यम से स्थानीय व्यापारी राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अपने व्यवसाय का विस्तार कर सकेंगे, जिससे कोरबा में वैश्विक निवेश के नए अवसर खुलेंगे। बीएनआई बिलियनर्स कोरबा के व्यवसायियों के लिए एक नया अध्याय है।

# कला,संस्कृति के रंगों को ऊंचाई मिली संस्कार भारती के आयोजन में

### नवमी सदी के मंदिर परिसर में भरत मुनि की मनाई जयंती





कोरबा। संस्कार भारती पाली कोरबा जिला द्वारा आचार्य भरतमुनि जयंती माघ पूर्णिमा के अवसर पर नवमी शताब्दी के प्राचीन शिव मन्दिर परिसर में शास्त्रीय संगीत और नृत्य के संपन्न कार्यक्रम में एक से बढ़ कर एक मंत्रमुग्ध करने वाली प्रस्तुतियां हुई। वरिष्ठ संगीतज्ञ और प्रख्यात वायलिन वादक अपने कीर्ति व्यास का वायलिन वादन सुंदर व सुमधुर हुआ। श्रोतागण की और से भी बहुत अच्छा प्रतिसाद मिला। कार्यक्रम का प्रारंभ संत वृंद द्वारा आशीर्वचन से हुआ। पहली प्रस्तुति तबला तरंग डॉ कुणाल दास गुप्ता और उनके तीन शिष्यों द्वारा एक साथ 10 से अधिक तबला पर रचना व कुछ पंक्तियाँ वन्दे मातरम की प्रस्तुति अद्भुत की गई। पृथा शर्मा छोटी बालिका द्वारा एक बंदिश और तराना सुंदर प्रस्तुत किया। इशिता कश्यप द्वारा कथक पर शिव अर्चना की सुंदर प्रस्तुति हुई ।चौथी प्रस्तुति कीर्ति व्यास की वायलिन पर राग पीलू पर आधारित एक शास्त्रीय रचना मुरली बैरन भई कन्हैया तोरी सुंदर प्रस्तुत की कीर्ति व्यास की दूसरी प्रस्तुति ऐसी लागी लगन मीरा हो गई मगन भजन राग पीलू पर आधारित प्रस्तुत किया श्रोतागण ने बहुत आनंद लिया ।अगली प्रस्तुति कथक पर शिव आराधना, लतिका थापा ने सुंदर प्रस्तुत किया ,बालिका दीप सिंह ने भरतनाट्यम पर सुंदर प्रस्तुति दी ।

वरिष्ठ कला साधक खिकराम कश्यप द्वारा शास्त्रीय गायन से कार्यक्रम का समापन हुआ कार्यक्रम का सुंदर संचालन भवानी गोपाल और महावीर चंद्रा ने किया सभी अतिथि गण तथा प्रस्तुति देने वाले कला साधकों को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया

कार्यक्रम में हेमंत माहुलीकर प्रांत महामंत्री, जागेश्वर मानसर प्रांत कोष प्रमुख, पाली इकाई के अध्यक्ष, महामंत्री, कोष प्रमुख, अनेक सदस्यगण, राकेश मिश्रा, सीमा देवांगन, अरुण दास वैष्णव उपस्थित थे। कार्यक्रम को सहयोग देने के लिए संस्कार भारती पाली की इकाई के द्वारा सभी के प्रति धन्यवाद ज्ञापित किया गया।

## रेड क्रॉस सोसाइटी ने ब्लड बैंक को दो चेयर प्रदान किया



कोरबा । भारतीय रेड क्रॉस सोसाइटी जिला कोरबा के चेयरमैन राम सिंह अग्रवाल ,उप चेयरमैन राजेंद्र प्रसाद तिवारी ,कोषाध्यक्ष राजेश बगड़िया, प्रदेश प्रतिनिधि योगेश जैन व प्रबंध कार्यकारणी के सदस्य विनोद कुमार सिन्हा के द्वारा जिला चिकित्सालय कोरबा के ब्लड बैंक में मुख्य चिकित्सा अधिकारी को रक्त दान देने वालों के लिए दो चेयर प्रदान कर सेवा भाव को उदाहरण प्रस्तुत किया । इस अवसर पर मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने भारतीय रेड क्रॉस सोसाइटी के चैयरमैन द्वारा रक्तदानी को चेयर परद प्रदान करने पर खुशी जाहिर करते हुए चैयरमैन से अस्पताल में रोगियों के लिए वाटर फ्रिजर की मांग की जिसमें शीतल जल, गर्म जल एवं सामान्य जल वाला वाटर फ्रीजर की आवश्यकता पर बल दिया जिसे चैयरमैन राम सिंह अग्रवाल ने स्वीकार कर लिया। इस अवसर पर ब्लड बैंक डॉक्टर ,कर्मचारी तथा मुख्य चिकित्सा कार्यालय के भी कर्मचारी उपस्थित थे।

## सबका साथ लेकर सबका विकास करना है, परंतु किसी गरीब का विश्वास नहीं तोड़ना है : पार्षद नरेंद्र देवांगन

कोरबा । सबका साथ, सबका विकास और सबका विश्वास, यही मूल मंत्र लेकर देश में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और प्रदेश में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की सरकार कार्य कर रही है। जिनके नेतृत्व में कोरबा के माटीपुत्र वाणिज्य, उद्योग एवं श्रम मंत्री लखनलाल देवांगन लगातार शहर के झुग्गी बस्तियों और हर वार्ड के विकास कार्य में जुटे हुए हैं। इसी कड़ी में विकास कार्य की राह में कब्जा टूटे और 70 परिवारों के घर भी टूटे। मंत्री लखनलाल देवांगन ने जिला खनिज न्यास से साढ़े तीन सौ करोड़ स्वीकृत कराए ताकि उनके आशियाने को फिर सजाने की राह सुनिश्चित की जा सके। उक्त कथन रविदास समाज द्वारा आयोजित संत रविदास महाराज की 649वीं जन्मजयंती कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि सम्मिलित हुए पार्षद नरेंद्र देवांगन ने कहा। उन्होंने कहा कि सबका साथ, सबका विकास और सबका विश्वास हासिल करना है,

# आई.पी.एस. दीपका में मनाया गया मातृ-पितृ पूजन दिवस

कोरबा। किसी भी मनुष्य के व्यक्तित्व निर्माण में उसके माँ की ममता, स्नेह एवं पिता के द्वारा दिया अनुशासन सबसे अहम भूमिका रखते हैं । हिंदु धर्म में माता-पिता को भगवान का रूप माना जाता है । एक शिशु को कुछ भी सीखता है सबसे पहले अपने माता-पिता से सीखता है । ना सिर्फ हिंदु धर्म में बल्कि विश्व के हर क्षेत्र हर समाज और हर राज्य में माता-पिता को सम्मान दिया जाता है ।

मनुष्य का जीवन अनेक उतार चढ़ाव से होकर गुजरता है । उसकी नवजात शिशु अवस्था से लेकर विद्यार्थी जीवन फिर गृहस्थ जीवन तत्पश्चात मृत्यु तक वह अनेक प्रकार के अनुभवों से गुजरता है । अपने जीवन में वह अनेक प्रकार के उत्तरदायित्वों का निर्वाह करता है । परंतु अपने माता-पिता के प्रति कर्त्तव्य व उत्तरदायित्वों को वह जीवन पर्यन्त नहीं चुका सकता । माता-पिता का संतान पर असीमित उपकार होते हैं । इस उपकार की भरपाई करना असंभव है ।

बच्चों के लिए उनके प्रथम व द्वितीय गुरू माता और पिता होते हैं । इसलिए तो कहा जाता है - माता: पिता: गुरू दैवं ।

कहा जाता है कि भगवान हर किसी के घर नहीं आ सकते इसलिए अपने प्रतिरूप के स्वरूप माता-पिता को हर किसी के घर भेजते हैं । माता-पिता की महिमा को शब्दों में बाँधना नामुमकिन है । कहा जाता है जहाँ सारा संसार सिमट जाता है वह स्थान माँ का आँचल होता है ।

माता-पिता हमारा ख्याल रखते हैं और बचपन से लेकर बड़े होने तक बिना कोई स्वार्थ के वे हमारी हर बातों का ध्यान रखते हैं । न जाने कितनी रातों की नींद और दिन का चैन उन्होने हमारे लिए गंवाए होंगें । हमारा कर्त्तव्य होता है कि हम अपने माता-पिता का सम्मान करें और साथ हीताउम्र उनका ख्याल रखें ।

दीपका स्थित इंडस पब्लिक स्कूल में माता-पिता के इसी सदा और शाश्वत महत्व को बरकरार रखने व माता-पिता का जीवन में महत्व



बताने के उद्देश्य से 'मातृ-पितृ पूजन दिवस' का आयोजन किया गया। मातृ-पितृ पूजन का प्रारंभ माँ सरस्वती की वंदना एवं आगन्तुक अभिभावकों एवं अतिथियों के सम्मान में प्रस्तुत स्वागत गीत से हुई । इस मनमोहक वंदना एवं स्वागत गीत प्रस्तुति का आनंद उपस्थित सभी अभिभावकों एवं अतिथियों ने लिया । नर्सरी कक्षा से लेकर कक्षा दसवीं तक के लगभग सभी विद्यार्थियों के माता-पिता ने इस कार्यक्रम का आमंत्रण स्वीकार कर ससम्मान उपस्थित हुए । कार्यक्रम की शुरूआत बच्चों ने अपने माता-पिता के माथे पर अक्षत एवं रोली का तिलक लगाकर एवं दीपक जलाकर एवं पुष्प अर्पित कर विधिवत रूप से पूजन कर किया । सभी बच्चों ने माता-पिता के चरण छूकर आशिर्वाद लिया । मातृ-पितृ पूजन दिवस के आयोजन को विशेष गरिमा प्रदान करने हेतु श्री योगवेदांत समिति कोरबा से श्री लोकचंद तिलवानी(संरक्षक), श्री ईश्वरी प्रसाद साहू (अध्यक्ष) , मनीराम पटेल (मुख्य सेवाधारी), चंद्रपाल यादव (प्रमुख प्रभारी,) राजू भाई (साधक) , राम गोविंद देवांगन, अविनाश सिंह ,अंजू ,हेमा बहन, नारायण देवांगन, का विशेष सहयोग रहा ।उपस्थित अभिभावक श्रीमती अंजली शर्मा ने कहा माता-पिता जीवन में एक बार ही मिलते हैं और इनकी तुलना दुनिया के किसी भी वस्तु से नहीं की जा सकती । ये अनमोल हैं । विद्यालय में इस प्रकार के आयोजन से बच्चों में नैतिकता के गुण विकसित होते हैं एवं इस प्रकार का आयोजन संस्कारों के संवर्धन के लिए आवश्यक है । अभिभावक श्रीमती रोशनी ने कहा कि हम जीवन पथ पर चाहे कितनी भी ऊचाई पर पहुँचे हमें कभी अपने माता-पिता का सहयोग, उनके त्याग और बलिदान को नहीं भूलना चाहिए । श्री ईश्वरी प्रसाद साहू ने कहा कि माता-पिता का योगदान अतुलनीय एवं अद्वितीय होता है । इनकी कमी दुनिया में कोई पूरी नहीं कर सकता ये हमारे सामने जीते-जागते ईश्वर के स्वरूप होते हैं ।

विद्यालय के प्राचार्य डॉ. संजय गुप्ता ने आगंतुक सभी अभिभावकों को संबोधित करते हुए कहा कि आज पूरी दुनिया में पाश्चात्यीकरण का प्रभाव हमें देखने को मिल रहा है ,इस बदलते हुए परिवेश में भी हमें अपनी संस्कृति व संस्कार कभी नहीं भूलना चाहिए । 14 फरवरी को हम किसी पाश्चात्य सभ्यता का परिपालन ना करते हुए मातृ पितृ पूजन दिवस के रूप में हर एक पल को साकार करें। संसार में यदि हमारा कुछ भी अस्तित्व है या हमारी इस जगत में कोई भी पहचान है तो उसका संपूर्ण श्रेय हमारे माता-पिता को ही जाता है । यही कारण है कि भारत के आदर्श पुरूषों में से ऐसे ही भगवान श्री राम ने अपने माता-पिता के एक आदेश पर ही युवराज पद का मोह त्याग दिया और घर चले गए । माता-पिता सदैव हमें सद्मार्ग में चलने की प्रेरणा देते हैं । एक बच्चे के लिए उनके अभिभावक द्वारा दिया जाने वाला सबसे बड़ा उपहार उसका जीवन होता है । इसलिए हर मनुष्य के लिए सृष्टी में प्रथम पुज्य उसके माता-पिता है ।

## छग राज्य ग्रामीण बैंक की नई शाखा का हुआ शुभारंभ

**कोरबा ।** कोरबा जिलान्तर्गत कटघोरा नगरवासियों और आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों के लोगों को एक बड़ी सौगात मिली है। लंबे समय से की जा रही मांग के बाद छत्तीसगढ़ राज्य ग्रामीण बैंक की नई शाखा का उद्घाटन किया गया। इस शाखा के खुलने से बैंकिंग सेवाओं तक पहुंच आसान होगी और ग्राहकों को बेहतर सुविधाएँ मिलेंगी।

बैंकिंग सेवाओं में होगा सुविधा और सुधार बैंक की नई शाखा के उद्घाटन समारोह में छत्तीसगढ़ राज्य ग्रामीण बैंक के चेयरमैन विनोद अरोरा सहित कई गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे। उन्होंने बताया कि उनका मुख्य उद्देश्य ग्राहकों को उच्च गुणवत्ता वाली सुविधाएँ प्रदान करना और बैंकिंग कार्यों को सरल बनाना है। उन्होंने यह भी कहा कि बैंकिंग सेवाओं को सहज और सुगम बनाने के लिए आधुनिक तकनीकों का उपयोग किया जाएगा। इसके साथ ही, बैंक कर्मियों के लिए भी एक बेहतर कार्य वातावरण सुनिश्चित करने पर विशेष ध्यान दिया जाएगा। सभी तरह के लोन और सेवाएँ होंगी उपलब्ध नई शाखा में ग्राहकों को विभिन्न प्रकार की बैंकिंग सुविधाएँ दी जाएंगी, जिनमें सभी तरह के लोन कृषि, व्यवसाय, गृह निर्माण और व्यक्तिगत ऋण उपलब्ध रहेंगे। यह शाखा विशेष रूप से ग्रामीण क्षेत्र के लोगों को वित्तीय सहयोग प्रदान करने के लिए कारगर साबित होगी।

## अनमोल वचन......

सोच का ही फर्क होता है,वरना समस्याएँ आपको कमजोर नहीं बल्कि मजबूत बनाने आती है!

## अवैध अप्रवासियां निर्वासित

अंततः महिला, पुरुष और बच्चों सहित एक सौ चार अवैध भारतीय अप्रवासियों को लेकर अमेरिकी सैन्य विमान भारत पहुंच गया। अमेरिका में उचित दस्तावेज के बिना रहने वाले इन भारतीयों में पंजाब, हरियाणा, गुजरात, उत्तर प्रदेश आदि राज्यों के लोग हैं। वैसे तो अमेरिका अवैध अप्रवासियों को निर्वासित करता रहता है, लेकिन राष्ट्रपति ट्रंप के दूसरे कार्यकाल का भारत के लिए यह पहला निर्वासन है। इस संबंध में भारत और अमेरिका के बीच बात भी हो चुकी थी और ऐसा निर्वासन ट्रंप की चुनावी घोषणाओं में भी शामिल था। जहां कुछ अन्य देशों ने इस तरह के निर्वासन पर अपनी आपत्ति जताई वहां भारत ने इसे सहज स्वीकार किया है।

कोई भी संप्रभु राष्ट्र ऐसे अप्रवासियों को बर्दाश्त नहीं कर सकता जो अवैध तरीके से पहुंच कर न केवल उनके आर्थिक संसाधनों पर बोझ बनते हैं, बल्कि कानून व्यवस्था के लिए भी संकट खड़ा करते हैं। अमेरिका सहित यूरोप के बहुत से देश इस तरह के अप्रवासन का संकट महसूस कर रहे हैं। स्वयं भारत भी अवैध घुसपैठियों की समस्या का सामना कर रहा है। यहां के राजनीतिक हलकों में हर दिन इसकी गूंज सुनाई देती है। इस समय भारत सरकार की नीति भी अवैध अप्रवासियों को रोकने की है जो पड़ोसी देशों से आकर बस गए हैं। भले ही इस पर कुछ समूह मानवाधिकार या नैतिकता का प्रश्न खड़ा करें लेकिन भारत के पास स्वयं अपनी स्थिति को देखते हुए इस निर्वासन को अमेरिकी शतरे के साथ स्वीकार करने के अलावा कोई रास्ता नहीं है। वैसे भारत की जिम्मेदारी यह भी बनती है कि वह दोहरी व्यवस्था को चाक-चौबंद करे। पहली यह कि उसके यहां अवैध अप्रवासन न हो और दूसरी यह कि यहां से अवैध ढंग से पलायन न हो।भारत एक और गंभीर समस्या से जूझ रहा है कि बड़ी संख्या में ऐसे लोग भी अमेरिका, यूरोप के देशों में जाकर बसते हैं, जो या तो भारत विरोधी हैं, या आपराधिक गतिविधियों में संलग्न हैं।

ऐसे लोग भारत में प्रताड़ित होने का स्वांग रचते हैं, और सहानुभूति के नाम पर वहां की नागरिकता प्राप्त कर लेते हैं। अमेरिका और कनाडा से ऐसी घटनाएं उजागर हुई हैं जिन्होंने द्विपक्षीय संबंधों को खतरे में डाला है। इसलिए भारत सरकार को प्रयास करना चाहिए कि अवैध तरीके से लोगों को विदेश भेजने वाले गिरोहों पर लगाम लगाए। उम्मीद की जानी चाहिए कि अमेरिका का निर्वासन का यह कदम भारत की अपनी निर्वासन नीति को भी मजूबती प्रदान करेगा।

## राशिफल

**मेष राशिः** आज का दिन आपके लिए खुशियों से भरा रहने वाला है। आप अपने लिए लक्ष्य तय करते समय वर्तमान स्थिति पर जरूर ध्यान दें। जितने अधिक उलझन में रहेंगे, आपकी कार्यक्षमता कम होती हुई नजर आएगी। ऑफिस में आज सीनियर्स आपके अधूरे काम को देखकर आपपर दबाव बना सकते हैं।

**वृष राशिः** आज आपका दिन आपके लिए अनुकूल रहने वाला है। आप परिवार वालों के साथ समय बिताएंगे। घर में खुशी का माहौल बना रहेगा। इस राशि के एग्रोकेमिकल व्यापारी को आज अचानक बड़ा फायदा हो सकता है। टेलरिंग का काम करने वालों के लिए आज का दिन बहुत अच्छा है पुराना रुका हुआ पैसा आज वापस मिलेगा। आर्थिक पक्ष पहले से मजबूत रहेगा।

**मिथुन राशिः** आज का दिन आपके लिए महत्वपूर्ण रहेगा। आज आपके सारे रुके काम आसानी से हो जाएंगे। आपका आर्थिक पक्ष मजबूत रहेगा। साइंस से जुड़े बच्चों को अच्छी जॉब का ऑफर मिल सकता है। बिजनेस के सिलसिले में ऑफिस के कलीग्स के साथ बाहर जा सकते हैं। व्यापार के मामलों में आपके साझेदार से अनबन हो सकती है, बेहतर होगा संयमित रहें।

**कर्क राशिः** आज का दिन आपके लिए उत्तम रहने वाला है। आज जिन लोगों के विरोध की वजह से आपके काम में रूकावट आ रही थी आज वह समाप्त हो जाएगी। आज स्वभाव में नेगेटिविटी लाने की बजाय अपने काम पर ध्यान देने की जरूरत है। आज पारिवारिक सुख-शांति बनी रहेगी। आज आप खुद को तरोताजा महसूस करेंगे। आज अपने प्रिय व्यक्ति की निकटता से आपको खुशी होगी।

**सिंह राशिः**आज का दिन आपके लिए बेहतर रहने वाला है। आज आपके कठिन परिश्रम का अच्छा फल आपको मिलेगा इससे आपका कॉन्फिडेंस बढ़ेगा। आज अपने काम को गंभीरता से करें। समाज के लोग आज आपके व्यक्तित्व से खुश होंगे। आज किसी काम को लेकर आप थोड़े परेशान हो सकते हैं। लेकिन जल्द ही सब ठीक हो जायेगा। आज वाहन चलाते समय थोड़ी सावधानी बरतें।

**कन्या राशिः**आज का दिन आपके लिए शानदार रहने वाला है। अगर आपकी सरकारी कार्यवाही चल रही है तो आज आपको समाधान मिल सकता है। आज ऑफिस में बॉस को इम्प्रेस करने के लिए आपको थोड़ी मेहनत करनी पड़ सकती है। हो सकता है सीनियर्स आज आपसे किसी बात पर नाराज हो जाएं। बेहतर होगा कि आप अपने सभी कामों को सावधानीपूर्वक करें।

**तुला राशिः**आज का दिन आपके लिए नई उमंग से भरा रहने वाला है। आज आप कई तरह की गतिविधियों में दिन बिताएंगे इसके साथ ही कठिन से कठिन काम को पूरे निश्चय के साथ पूरे कर लेंगे। विदेश जाने के लिए प्रयास कर रहे लोगों के लिए आज खुशखबरी मिलेगी। आज कोई महत्वपूर्ण काम अपनों की मदद से पूरा हो जायेगा।

**वृश्चिक राशिः**आज का दिन आपके लिए नई खुशियां लाया है। राजनीति से जुड़े लोगों के लिए दिन अच्छा है समाज हित में किये गये कामों की तारीफ़ हो सकती है। आज आपको उच्चाधिकारी के सामने बात रखने पर.. पॉजिटिव रिस्पॉन्स मिलेगा। महिलाएं अपने जीवनसाथी को आज कुछ मीठा बना कर खिला सकती हैं दोनों के बीच रिश्तों में मधुरता बढ़ेगी। आज आपके परिवार में स्थिति ठीक रहेगी।

**धनु राशिः** आज आपका दिन कॉन्फिडेंस से भरा रहेगा। इस राशि के टेक्सटाइल व्यापारी वर्ग को आज अचानक बड़ा फायदा हो सकता है। जिससे आपका आर्थिक पक्ष पहले से मजबूत बना रहेगा। आज आपका स्वास्थ्य अच्छा रहने वाला है।

**मकर राशिः** आज आपका दिन खुशनुमा पल लेकर आया है। लम्बे समय से सोचा हुआ काम आज पूरा हो जाएगा जिससे आर्थिक स्थिति में काफी सुधार आएगा। माता के साथ धार्मिक कार्यों में मन लगाने से शांति मिलेगी। शाम का समय परिवार वालों के साथ अच्छा बीतेगा। दांपत्य जीवन में आपसी ताल मेल बना रहेगा। अपनी गलतियों से सीखकर आगे बढ़ने की प्रेरणा आपको मिलेगी।

**कुंभ राशिः** आज का दिन आपके अनुकूल रहने वाला है। आज कोई निर्णय लेने से पहले उससे संबंधित सभी पहलुओं पर उचित सोच-विचार करेंगे। आज बिजनेस में सभी गतिविधियों पर ध्यान रखें। आज नया एग्रीमेंट हो सकता है। द

**मीन राशिः**आज आपका दिन खुशियों से भरा रहेगा। इस राशि की महिलाएं जो घर पर ही कोई बिजनेस करने की सोच रही हैं उनके लिए आज का दिन अच्छा है। सिंगर्स का कोई गाना लोगों को काफी पसंद आएगा। किसी भी काम को करने में जल्दबाजी न करें, नहीं तो वह काम दोबारा करना पड़ सकता है।

# मुस्लिम मत भाजपा की ओर

//अवधेश कुमार//

**भाजपा जब भी कोई चुनाव जीती है मुस्लिम मतों को लेकर विश्लेषण सामने आते हैं। दिल्ली विधानसभा चुनाव में भाजपा की जीत के साथ टीवी चैनलों से लेकर समाचार पत्रों, वेबसाइटों, यूट्यूब चैनलों पर ऐसी ध्वनियां निकल रही है कि मुसलमानों के एक बड़े वर्ग ने उसके पक्ष में मतदान किया। क्या वाकई ऐसा हुआ है। इमामों का एक संगठन चलाने वाले मौलाना ने मतदान के बाद वीडियो जारी करते हुए कहा कि मैंने भाजपा को मत दिया है। वे टीवी चैनलों पर दिखते हैं इसलिए उनका चेहरा मोटा-मोटी पहचाना है और भाजपा एवं संघ के विरुद्ध उनकी कट्टरता भी सब सामने है। उन्होंने कहा कि मैंने वोट इसलिए दिया क्योंकि कहा जाता है कि मुसलमान एकजुट होकर भाजपा के विरु द्ध मतदान करते हैं।**

इस धारणा को तोडऩे के लिए मैंने वोट दिया। उन्होंने दूसरा कारण आप के द्वारा मुसलमानों के खिलाफ आचरण को बताया। दरअसल, दिल्ली में केजरीवाल द्वारा घोषित इमामों का वेतन चुनाव तक 18 महीना से नहीं मिला था। इनका संगठन उसके लिए धरना प्रदशर्न कर रहा था, जिसका संज्ञान तक केजरीवाल और उनके साथियों ने नहीं लिया। क्या उनके अलावा किसी अन्य बड़े मुस्लिम चेहरे ने सामने आकर परिणाम के पहले घोषित किया कि उन्होंने भाजपा को मत दिया है। भाजपा की जीत के बाद लोग टीवी कैमरों के सामने आए और कह दिया कि हम नरेन्द्र मोदी जी और योगी जी अच्छा शासन चला रहे हैं, इसलिए समर्थन दिया है।

दरअसल, मुस्लिम प्रभाव वाले मुस्तफाबाद और जंगपुरा सीट पर भाजपा की विजय के बाद से यह ध्वनि ज्यादा गुंजित हुई है। ये दोनों क्षेत्र मुस्लिम प्रभाव वाले हैं। अभी तक धारणा थी कि बगैर उनके समर्थन के कोई उम्मीदवार चुनाव जीत नहीं सकता। दिल्ली में 11-12 ऐसे क्षेत्रों में मुस्लिम मतदाता निर्णायक माने जाते हैं। इसके अलावा भी 7-8 क्षेत्रों में मुसलमानों का प्रभाव है। इनमें चार सीटें भाजपा ने जीती हैं। किंतु इसके अलावा ये सारी सीटें एकपक्षीय आप को गई है। पहले मुस्तफाबाद को देखें। मुस्तफाबाद में भाजपा के मोहन सिंह बिष्ट ने आप के आदिल अहमद खान को 17 हजार 578 वोटों से हराया।

यहां एआईएमआईएम के उम्मीदवार और 2020 दिल्ली दंगों के आरोपी ताहिर हुसैन को 33 हजार 474 वोट मिला और कांग्रेस के अली मेहंदी को केवल 11 हजार 763। ताहिर हुसैन ने जब कहा कि आपकी लड़ाई हमने लड़ी और आपके कारण जेल में हैं तो मुसलमानों के एक बड़े वर्ग की सहानुभूति मिली। ताहिर हुसैन को इतना वोट नहीं मिलता तो बिष्ट नहीं जीत पाते। आप सोचिए, कांग्रेस के उम्मीदवार को इतना कम मत मिला। जंगपुरा में तरविंदर सिंह मारवाह किसी तरह 675 मतों से पूर्व उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया को हरा पाए। मुस्लिम मतदाताओं ने तरविंदर के पक्ष में मतदान किया होता तो जीत का अंतर ज्यादा होता। उनकी और पारिवार कि पृष्ठभूमि कांग्रेस की है। इस कारण मुस्लिम वोट उनको मिलता रहा है। इस बार आंकड़े ऐसा नहीं बताते। कांग्रेस के मुस्लिम मत काटने का उनको लाभ मिला। ईमानदारी से विश्लेषण किया जाए तो साफ दिखाई देगा कि 2020 के दंगों में मुस्लिम नेताओं की भूमिका देखने के बाद गैर मुसलमानों के बीच थोड़ी एकजुटता हुई। दूसरे, पिछले लोक सभा चुनाव एवं महाराष्ट्र व हरियाणा विधानसभा चुनाव में राजनीतिक, मजहबी मुस्लिम नेताओं, शीर्ष मुस्लिम व्यक्तियों के द्वारा वोट को इस्लाम और दीन का विषय बनाने तथा भाजपा के विरुद्ध मतदान करने के फतवे आदि के कारण एकजुटता का सुदृढ़ीकरण हुआ है। केजरीवाल इसे भांपते हुए ही हिन्दुत्व पर मुखर हुए तथा पुजारियों और ग्रंथियों तक को 18 हजार रुपये वेतन देने की घोषणा की। जेल से बाहर आने के बाद उन्होंने वंदे मातरम और भारत माता की जय का नारा लगाया तथा भाजपा की ही तरह भारत को विश्व गुरु एवं महाशक्ति बनाने के लिए भाजपा को हराने का हवन कर दिया। इस कारण हिन्दुत्व के मुद्दे पर वैसी क्षति नहीं हुई जैसी इंडिया गठबंधन के अन्य दलों को हो रही है। दिल्ली में सबसे बड़ी दो जीत आप को मिली और वह मुस्लिम प्रभाव वाले क्षेत्र में ही। आप प्रत्याशी आले मुहम्मद इकबाल को मटियामहल से 42 हजार 724 वोट के अंतर से सबसे बड़ी जीत हासिल हुई। सीलमपुर से आप के चौधरी जुबैर अहमद 42 हजार 477 मतों से जीते जो दूसरी बड़ी जीत है। इससे पता चलता है कि मुस्लिम वोटो का रु ख क्या रहा। मटियामहल से आले मुहम्मद ने भाजपा की दीप्ति इंदौर को हराया। आले को 58 हजार 120 और दिप्ती को केवल 15 हजार 396 मत मिला। यहां कांग्रेस के असीम अहमद को केवल 10 हजार 295 मत मिला। सीलमपुर में चौधरी जुबैर को 79 हजार 09 और भाजपा के अनिल शर्मा को 36 हजार 532 मत मिले और कांग्रेस के अब्दुल रहमान 16 हजार 551 तक सिमट गए। चांदनी चौक के 10 विधानसभा सीटों में चार मुस्लिम बहुल हैं। चारों में एक भी भाजपा नहीं जीत सकी। बल्लीमारान में भाजपा के पाषर्द कमल बागड़ी को केवल 27 हजार 181 और दिल्ली कांग्रेस के प्रमुख मुस्लिम चेहरे और जाने-माने नेता हारून यूसुफ भी 13 हजार 569 मत पा सके जबकि आप के इमरान हुसैन को 57 हजार 04 मत मिला। सदर बाजार में आप के सोमदत्त को 56 हजार 177 वोट मिला और उन्होंने भाजपा के मनोज कुमार जिंदल को 6307 वोट से हराया। यह भी मुस्लिम प्रभाव वाले क्षेत्र है, लेकिन यहां हिन्दुओं और गैर मुसलमानों की भी बड़ी आबादी है। इस कारण मनोज जिंदल ने 49 हजार 870 मत पाया और कांग्रेस के अनिल भारद्वाज को 10 हजार 057 ही मिला।

इस तरह मतों के आंकड़ों का विश्लेषण करेंगे तो कहीं नहीं दिखेगा कि मुस्लिम मत भाजपा की ओर गया। भाजपा के सदस्य तथा एक दो प्रतिशत कहीं मतदान कर दें तो अलग बात है, अन्यथा मुस्लिम मतों की प्रवृत्ति भाजपा को हराने की ही रही। दरअसल, अलग-अलग मुस्लिम संगठनों, इमामों , मौलवियों, मुल्लाओं, मुस्लिम बुद्धिजीवियों, एक्टिविस्टों आदि प्रमुख चेहरों ने हिन्दुत्व विचारधारा के साथ भाजपा की इस्लाम विरोधी, दीन विरोधी छवि बना दिया है। इस कारण उनका वोट मिलना तत्काल मुश्किल है। भविष्य के बारे में फिलहाल कुछ कहना कठिन है।

# तकलामाकन रेगिस्तान हरा-भरा

//विनीत नारायण//

**हमारे पड़ोसी देश चीन ने पिछले सप्ताह एक बार फिर से सुर्खियां बनाई। इस बार भारत में घुसपैठ नहीं बल्कि भारत और दुनिया भर के लिए एक उदाहरण बना। चीन ने अपने नवाचार द्वारा एक रेगिस्तान को न सिर्फ रोका बल्कि उसे हरा-भरा भी कर दिया। चीन का यह विकास कार्य आज काफी चर्चा में है।**

मौत का सागर' के रूप में जाने जाना वाला तकलामाकन रेगिस्तान 337,600 वर्ग किलोमीटर में फैला हुआ है। इसका आकार लगभग पश्चिमी देश जर्मनी के बराबर का क्षेत्र है। इसके विशाल रेत के टीलों और बार-बार आने वाले रेतीले तूफानों ने लंबे समय तक मौसम के पैटर्न को बाधित किया है। कृषि को खतरे में डाला है और मानव स्वास्थ्य को प्रभावित किया है। जवाब में चीन ने एक व्यापक हरित अवरोध लागू किया है, जिसे रेगिस्तान के किनारों को लॉक करने और इसके नाजुक पारिस्थितिकी तंत्र को स्थिर करने के लिए डिज़ाइन किया गया है। इन प्रयासों ने न केवल रेलवे और राजमागरे जैसे महत्त्वपूर्ण बुनियादी ढांचे की रक्षा की है, बल्कि यह भी प्रदर्शित किया है कि टिकाऊ प्रौद्योगिकियां मरुस्थलीकरण का प्रतिकार कैसे कर सकती हैं। सौर ऊर्जा से संचालित सिंचाई पण्रालियों को एकीकृत करके, चीन पृथ्वी पर सबसे कठिन वातावरणों में से एक में वनस्पति को बनाए रखने के लिए नवीकरणीय ऊर्जा का उपयोग कर रहा है।

तकलामाकन रेगिस्तान के इस व्यापक पहल पर चार दशकों से काम चलाया गया। ग्रीनबेल्ट का पहला 2,761 किलोमीटर का काम कई वर्षो में पूरा हुआ, अंतिम चरण नवम्बर 2022 में शुरू हुआ, जिसमें रेगिस्तानी चिनार, लाल विलो और सैक्सौल पेड़ों जैसी लचीली, रेगिस्तान-अनुकूल प्रजातियों को रोपने के लिए 600,000 श्रमिकों को एक साथ लाया गया-जो शुष्क परिस्थितियों में जीवित रहने की अपनी क्षमता के लिए जाने जाते हैं। ये पौधे कई उद्देश्यों की पूर्ति करते हैं: वे खिसकती रेत को सहारा देते हैं, रेगिस्तान के विस्तार को धीमा करते हैं और स्थानीय समुदायों को आर्थिक लाभ प्रदान करते हैं। यह परियोजना इतिहास में सबसे महत्त्वाकांक्षी पुनर्वनीकरण प्रयासों में से एक का प्रतिनिधित्व करती है, जो दुनिया भर में भूमि क्षरण से निपटने के लिए एक नई मिसाल कायम करती है।

उल्लेखनीय है कि इस क्षेत्र में ग्रीनबेल्ट का प्राथमिक लक्ष्य मरुस्थलीकरण को रोकना है, यह परियोजना दीर्घकालिक आर्थिक अवसर भी पैदा कर रही है। कुछ नये लगाए गए पेड़, जैसे कि रेगिस्तानी जलकुंभी में औषधीय गुण होते हैं, जो संभावित रूप से हर्बल चिकित्सा के लिए आकषर्क बाजार खोलते हैं। इसके अलावा, 2022 में, चीन ने हॉटन-रुओकियांग रेलवे का उद्घाटन किया, जो रेगिस्तान के चारों ओर दुनिया की पहली पूरी तरह से घिरी हुई रेलवे थी। 2,712 किलोमीटर लंबा रेलवे रेगिस्तानी शहरों को जोड़ता है, जिससे अखरोट और लाल खजूर जैसे स्थानीय कृषि उत्पादों को पूरे चीन के बाजारों तक पहुंचाना आसान हो जाता है, जिससे क्षेत्रीय व्यापार और विकास को और बढ़ावा मिलता है। खबरों के मुताबिक चीन पुनर्वनरोपण पर रोक नहीं लगा रहा है बल्कि तकलामाकन रेगिस्तान में एक विशाल नवीकरणीय ऊर्जा परियोजना भी चल रही है।

चाइना थ्री गोरजेस कॉर्पोरेशन 8.5 गीगावाट सौर ऊर्जा और 4 गीगावाट पवन ऊर्जा स्थापित करने की योजना का नेतृत्व कर रहा है, जिसके अगले चार वर्षो में पूरा होने की उम्मीद है। रेगिस्तान की बहाली को टिकाऊ ऊर्जा उत्पादन के साथ जोड़कर, चीन उस चीज़ को हरित विकास के अवसर में बदल रहा है जो कभी एक पारिस्थितिक चुनौती थी। ग़ौरतलब है कि तकलामाकन ग्रीनबेल्ट की सफलता मरु स्थलीकरण और भूमि क्षरण से निपटने के वैश्विक प्रयासों के अनुरूप है। इसी तरह की बड़े पैमाने की परियोजनाएं, जैसे कि अफ्रीका की ग्रेट ग्रीन वॉल, का उद्देश्य पूरे महाद्वीप में 8,000 किलोमीटर लंबे वृक्ष अवरोधक लगाकर सहारा रेगिस्तान के विस्तार को रोकना है।

तकलामाकन रेगिस्तान का विकास कार्य समान पारिस्थितिक खतरों का सामना करने वाले अन्य देशों के लिए एक खाका के रूप में भी कार्य कर रहा है। यह उपलब्धि नवीन पर्यावरणीय समाधानों के प्रति चीन की प्रतिबद्धता को उजागर करती है। हरित प्रौद्योगिकियों और बड़े पैमाने पर पुनर्वनीकरण का लाभ उठाकर, राष्ट्र ने न केवल अपने स्वयं के बुनियादी ढांचे और कृषि को सुरक्षित किया है, बल्कि भविष्य की वैश्विक रेगिस्तान बहाली परियोजनाओं के लिए भी मार्ग प्रशस्त किया है। भारत सहित सभी विकासशील देशों को चीन से सबक लेते हुए यह सीखना चाहिए कि विषम परिस्थितियों में भी विकास कार्य किए जा सकते हैं। ओछी राजनीति करने से किसी का भी लाभ नहीं होता। यदि केंद्र में और राज्य में दो अलग दलों की सरकार भी हो तो विकास कार्य पर किसी भी तरह की रोक लगाना आम जनता के साथ धोखा है। इसलिए यदि सही सोच वाला नेतृत्व सही योजनाओं को स्वीकृति करे तो ऐसे भ्रष्टाचार से बचा जा सकता है और ताकलामाकन रेगिस्तान जैसे कई विकास कार्य दोहराया जा सकते हैं।

# आप का किला बुरी तरह ढ्हा

दिल्ली में आम आदमी पार्टी (आप) का किला बुरी तरह ढह गया है। आतिशी को छोड़ कर पार्टी के लगभग तमाम दिग्गज नेता चुनाव हार गए हैं, और आप ने इस बार दिल्ली विधानसभा चुनाव में अपना सबसे खराब प्रदर्शन किया है। 2015 में आप ने 67 सीटें जीती थीं लेकिन 2020 में यह संख्या घट कर 62 रह गई थी। वहीं, भाजपा ने 2015 में मात्र 3 सीटें जीती थीं जबकि 2020 में 8 सीटें जीतने में सफल हुई थी और बंपर जीत के साथ पूरे 27 सालों बाद अब दिल्ली में सरकार बनाने में सफल हुई है। सत्ताइस साल पहले भाजपा की सुषमा स्वराज आखिरी बार 52 दिन के लिए दिल्ली की मुख्यमंत्री रही थीं और अब दिल्ली में भाजपा की सत्ता में बड़ी वापसी हुई है। भ्रष्टाचार के खिलाफ आंदोलन से निकली आप पर घोटाले के गंभीर आरोप लगे थे और यह विधानसभा चुनाव इस बार आप के लिए नाक का सवाल था लेकिन भाजपा ने आप को दिल्ली में जीत का चौका लगाने से रोक दिया। बड़ा सवाल यही है कि आखिर, आप की बड़ी हार के पीछे प्रमुख कारण क्या रहे। दिल्ली में आप ने करीब एक दशक तक शासन किया और लंबे समय तक सत्ता में रहने के कारण जनता के बीच असंतोष और बदलाव की इच्छा बढ़ी थी। विकास कार्य की कमी, बुनियादी सुविधाओं की अनदेखी और वादों को पूरा न करने के आरोपों ने सत्ता विरोधी लहर को मजबूत किया। परिणामस्वरूप मतदाताओं ने विकल्प के रूप में भाजपा की ओर रुख किया। राजनीति में आने से पहले केजरीवाल ने कहा था कि वो वीवीआईपी कल्चर को खत्म करेंगे, गाड़ी, बंगला और सुरक्षा लेने की बात से भी उन्होंने इनकार किया था लेकिन सत्ता मिलने के बाद उन्होंने लग्जरी गाड़ियां तो लीं ही, केंद्र से जेड प्लस सुरक्षा मिलने के बावजूद पंजाब सरकार की शीर्ष सुरक्षा भी ली। पार्टी की आंतरिक कलह और नेतृत्व के मुद्दों ने भी आप की हार में योगदान दिया। कई वरिष्ठ नेताओं के पार्टी छोडऩे या निष्क्रिय होने से संगठनात्मक ढांचे में कमजोरी आई। नेतृत्व के प्रति असंतोष और निर्णय लेने में पारदर्शिता की कमी ने भी कार्यकर्ताओं और समर्थकों के मनोबल को प्रभावित किया। आप सरकार ने बिजली, पानी और अन्य सुविधाएं मुफ्त मुहैया कराने की घोषणा की थी लेकिन विपक्ष ने इसे रेवड़ी संस्कृति' कह कर आलोचना करते हुए आर्थिक रूप से अव्यावहारिक बताया। इन योजनाओं के प्रभावी कार्यान्वयन में समस्याओं ने भी जनता के बीच नकारात्मक धारणा बनाई जिससे आप' की लोकप्रियता में गिरावट आई। दिल्ली में सड़क, परिवहन और स्वच्छता के क्षेत्रों जैसे बुनियादी ढांचे के विकास में अपेक्षित प्रगति नहीं हो पाई। प्रदूषण, जलभराव और कूड़े के ढेर जैसी समस्याओं का समाधान न होने से जनता में केजरीवाल सरकार के प्रति नाराजगी बढ़ी। इन मुद्दों पर सरकार की निष्क्रियता ने मतदाताओं को निराश किया। दिल्ली में आप की लोकप्रियता का सबसे बड़ा कारण मुफ्त बिजली-पानी जैसी योजनाओं को माना जाता रहा लेकिन चुनाव के दौरान भाजपा ने भी आप' वाला ही दांव खेला और अपने चुनावी संकल्पों में महिलाओं, बच्चों व युवाओं से लेकर ऑटो रिक्शा चालकों तक के लिए बड़ी-बड़ी घोषणाएं तो कीं ही, साथ ही यह ऐलान भी किया कि सत्ता मिलने पर आप द्वारा चलाई जा रहीं तमाम योजनाओं को जारी करेगी। भाजपा की इन घोषणाओं से आप की चुनौती बहुत बढ़ गई थी। विपक्ष खासकर भाजपा की मजबूत रणनीति तथा मुखर प्रचार आप के लिए बड़ी चुनौती बना। कांग्रेस ने भी इस तरह टिकट बांटे जिसने कई सीटों पर आप को आसान जीत से रोकने में अहम भूमिका निभाई। भ्रष्टाचार, विकास की कमी और अन्य मुद्दों पर केंद्रित अभियानों ने जनता के बीच आप के प्रति नकारात्मक धारणा बनाई। भाजपा ने सामाजिक-धार्मिक मुद्दों को भी पुरजोर तरीके से उठाया जिससे आप के समर्थन में बड़ी कमी आई।

## तस्वीरों की दुनिया



भाजपा सांसद तेजस्वी सूर्या ने येलहंका वायुसेना स्टेशन पर एयरो इंडिया 2025 के चौथे दिन एचटीटी-40 विमान उड़ाया।



मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव ने नई दिल्ली में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह से मुलाकात की।



मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने पत्नी के साथ प्रयागराज में चल रहे महाकुंभ मेला 2025 के दौरान गंगा, यमुना और पौराणिक सरस्वती नदियों के संगम त्रिवेणी संगम पर पूजा-अर्चना की।



छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय अपनी पत्नी के साथ प्रयागराज में चल रहे महाकुंभ मेला 2025 के दौरान गंगा, यमुना और पौराणिक सरस्वती नदियों के संगम त्रिवेणी संगम में पवित्र डुबकी लगाते हुए।



झारखंड लोक सेवा आयोग (जेपीएससी) के अभ्यर्थियों ने परीक्षा में देरी को लेकर रांची में जेपीएससी कार्यालय के बाहर जेपीएससी अध्यक्ष और झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के खिलाफ सिर मुंडवाकर और शव यात्रा निकालकर विरोध प्रदर्शन किया।



अठारहवीं लोकसभा के बजट सत्र के दौरान संसद भवन में केंद्रीय मंत्री जेपी नड्डा।



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का वाशिंगटन डीसी पहुंचने पर भारतीय समुदाय द्वारा गर्मजोशी से स्वागत किया गया।

# बजट में किसी भी सेक्टर के लिए नहीं की गई कटौती यूपीए शासित राज्यों को वित्त मंत्री ने क्या दी नसीहत



नईदिल्ली, 14 फरवरी [एजेंसी]।

वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने गुरुवार को राज्य सभा में बजट संबंधित सवालों के जवाब में कहा कि किसी भी सेक्टर के आवंटन में पहले की तुलना में कटौती नहीं की गई है। वहीं, आगामी वित्त वर्ष 2025-26 के लिए गत एक फरवरी को पेश बजट में पूंजीगत खर्च में भी पहले की तुलना में कमी नहीं की गई है। उन्होंने कहा कि आगामी वित्त वर्ष में सभी प्रकार के संपदा सृजन जिनमें राज्यों को दिए जाने वाले आवंटन भी शामिल होते हैं, के लिए 15.49 लाख करोड़ रुपए का आवंटन किया गया है जो जीडीपी का 4.3 प्रतिशत है। चालू वित्त वर्ष में सभी प्रकार के संपदा सृजन के लिए 13.18 लाख करोड़ का आवंटन किया गया है। वहीं, आगामी वित्त वर्ष के लिए केंद्र का अपना पूंजीगत खर्च का आवंटन 11.21 लाख करोड़ का है जो जीडीपी का 3.1 प्रतिशत है जो चालू वित्त वर्ष 2024-25 के बजट अनुमान से अधिक है।कांग्रेस की तरफ से पूंजीगत खर्च में कमी के आरोप के जवाब में सीतारमण ने कहा कि उन्हें अपनी पार्टी की सरकार वाले राज्य कर्नाटक व तेलंगाना के पूंजीगत खर्च पर भी ध्यान देना चाहिए। उन्होंने कहा कि यूपीए शासित राज्य पूंजीगत खर्च पर व्यय नहीं कर रहे हैं। कृषि, ग्रामीण विकास जैसे मद में आवंटन कम करने को लेकर उठाए गए सवाल पर सीतारमण ने कहा कि आगामी वित्त वर्ष में कृषि व संबंधित के मद में 1.71 लाख करोड़, ग्रामीण विकास पर 2.67 लाख करोड़, शहरी विकास एवं परिवहन पर 6.45 लाख करोड़, स्वास्थ्य व शिक्षा पर 2.27 लाख करोड़, रक्षा (पेंशन को हटाकर) पर 4.92 लाख करोड़ रुपए का आवंटन किया गया है। हमने किसी भी सेक्टर के आवंटन में कोई कटौती नहीं की है। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय सांख्यिकीय संगठन के मुताबिक चालू वित्त वर्ष में अर्थव्यवस्था की विकास दर 6.4 प्रतिशत रहेगी। इसलिए हमने बजट तैयार करते समय विकास को तेज करने, समग्र विकास और निजी सेक्टर के निवेश को बढ़ाने जैसे अपने लक्ष्य को ध्यान में रखा है।यह बजट वैश्विक स्तर पर जारी चुनौतीपूर्ण समय के दौरान तैयार किया गया। इन चुनौतियों के बावजूद हमने भारत के हितों को सर्वोपरि रखते हुए आकलन को यथासंभव सटीक रखने का प्रयास किया है।

## मोदी ने एलन मस्क से की मुलाकात, तीन बच्चे भी पहुंचे साथ

**वाशिंगटन।** दो दिवसीय संयुक्त राज्य अमेरिका यात्रा के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गुरुवार को टेस्ला के सीईओ एलन मस्क से मुलाकात की। अमेरिकी राष्ट्रपति के साथ द्विपक्षीय वार्ता से कुछ घंटे पहले प्रधानमंत्री ने डोनाल्ड ट्रंप के करीबी सहयोगी मस्क से मुलाकात की।अमेरिकी राष्ट्रपति के अतिथि गृह ब्लेयर हाउस पहुंचने पर स्पेसएक्स के सीईओ के तीन छोटे बच्चे भी उनके साथ थे। जब मस्क की पीएम मोदी से मुलाकात हुई तो उन्हें उनके साथ बैठे देखा गया। बैठक में न्यूरालिंक के निदेशक शिवोन जिलिस भी मौजूद थे। प्रधानमंत्री ने एक्स पर पोस्ट किया, अरबपति एलन के साथ बहुत अच्छी बैठक के दौरान अंतरिक्ष, गतिशीलता, प्रौद्योगिकी और नवाचार पर चर्चा की गई। मस्क से पीएम पहले भी कुछ अवसरों पर मिल चुके हैं। मस्क ने भारत में निवेश करने का वादा भी किया था। ऐसा अभी तक नहीं हुआ है। इस बैठक के बाद मस्क की तरफ से भारत में निवेश को लेकर कोई घोषणा होती है या नहीं, इस पर सभी की नजर रहेगी। अमेरिकी राष्ट्रपति के आधिकारिक अतिथि गृह ब्लेयर हाउस पहुंचने के बाद मोदी सबसे पहले तुलसी गबार्ड से मिले। पीएम मोदी इसके पहले वाली अमेरिका यात्रा के दौरान भी गबार्ड से मिल चुके हैं। मोदी ने गबार्ड को नियुक्ति के लिए बधाई दी। गबार्ड हिंदू धर्म को मानती हैं और पूर्व में कई बार भारत के हितों से जुड़े मुद्दों पर समर्थन दे चुकी हैं।

## मणिपुर में लगे राष्ट्रपति शासन को लेकर राहुल ने कसा तंज

### बोले- भाजपा ने माना कि वह शासन में अक्षम

नईदिल्ली, 14 फरवरी [एजेंसी]।

लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने गुरुवार को आरोप लगाया कि मणिपुर में राष्ट्रपति शासन लगाना भाजपा की ओर से शासन करने में उसकी अक्षमता की देर से की गई स्वीकारोक्ति है। अब प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी मणिपुर के प्रति अपनी जिम्मेदारी से इनकार नहीं कर सकते।कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने एक्स पर पोस्ट किया, मणिपुर में राष्ट्रपति शासन लागू करना भाजपा द्वारा मणिपुर में शासन करने में उसकी पूर्ण अक्षमता की देर से स्वीकारोक्ति है। अब प्रधानमंत्री मोदी मणिपुर के लिए अपनी सीधी जिम्मेदारी से इनकार नहीं कर सकते। उन्होंने सवाल किया कि क्या प्रधानमंत्री ने अंततः राज्य का दौरा करने और मणिपुर और भारत के लोगों को वहां शांति एवं सामान्य स्थिति बहाल करने की अपनी योजना समझाने का मन बना लिया है। कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने कहा कि आखिरकार वह हुआ, जिसकी मांग पार्टी पिछले 20 महीनों से कर रही थी। मणिपुर में राष्ट्रपति शासन लागू कर दिया गया है। उन्होंने दावा किया कि राष्ट्रपति शासन तब लगाया गया है जब सुप्रीम कोर्ट ने राज्य में संवैधानिक तंत्र के पूर्ण रूप से ठप हो जाने की बात कही। इसके चलते तीन मई, 2023 से अब तक 300 से अधिक लोग मारे जा चुके हैं, जबकि 60,000 से अधिक पुरुषों, महिलाओं और बच्चों का विस्थापन हो चुका है। कांग्रेस महासचिव ने एक्स पर पोस्ट किया कि राष्ट्रपति शासन तब लगाया गया, जब मणिपुर के सामाजिक ताने-बाने को गंभीर रूप से क्षति पहुंचने दी गई। मणिपुर के पूर्व मुख्यमंत्री एन बीरेन सिंह ने गुरुवार को कहा कि राज्य प्रशासन को तीन मई, 2023 से अवैध घुसपैठ से प्रभावी ढंग से निपटने के लिए संघर्ष करना पड़ रहा है।

# नीतीश सरकार ने किया बड़ा ऐलान, बिहार में अब इन मरीजों का होगा फ्री इलाज

पटना, 14 फरवरी [एजेंसी]।



बिहार में अब दिल में छेद के साथ जन्म लेने वाले 18 वर्ष से अधिक आयु के बच्चों का भी फ्री में इलाज होगा। राज्य के स्वास्थ्य मंत्री ने मंगल पांडेय ने यह जानकारी दी है। बिहार सरकार के स्वास्थ्य विभाग और प्रशांति मेडिकल सर्विसेज एंड रिसर्च फाउंडेशन, अहमदाबाद (श्री सत्य साईं हृदय, रोग संस्थान) के बीच बाल हृदय योजना के तहत द्विपक्षीय समझौता ज्ञापन के नवीनीकरण पर गुरुवार को सचिवालय स्थित स्वास्थ्य विभाग सभागार में हस्ताक्षर किया गया। यह हस्ताक्षर स्वास्थ्य मंत्री मंगल पांडेय की अध्यक्षता में किए गए। निदेशक प्रमुख, स्वास्थ्य, डॉ. प्रमोद कुमार सिंह एवं रिसर्च फाउंडेशन, अहमदाबाद के मैनेजिंग ट्रस्टी मनोज भिमानी ने ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए। कार्यक्रम की अध्यक्षता स्वास्थ्य मंत्री मंगल पांडेय ने की। इस दौरान उन्होंने कहा कि चार वर्षों में इस योजना से अब तक 1828 दिल में छेद वाले बच्चों (0 - 18 वर्ष) का सफल ऑपरेशन किया जा चुका है। जिसमें सत्य साईं हृदय अस्पताल अहमदाबाद द्वारा 1391 बच्चों का सफल ऑपरेशन किया गया।मंत्री ने घोषणा की कि शीघ्र ही राज्य में 18 वर्ष से अधिक उम्र के ऐसे वयस्कों जिनके दिल में छेद है, उनका भी निः शुल्क उपचार एवं शल्य चिकित्सा अहमदाबाद के सत्य साईं हृदय अस्पताल में होगा। इस बात की नीतिगत सहमति दे दी गई है। अब केवल कागजी प्रस्ताव पारित किया जाना है। इस प्रस्ताव के मद्देनजर हमारी कोशिश है कि राज्य में ज्यादा से ज्यादा उन्नत स्वास्थ्य सुविधाएं प्रदान की जाए। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के दिशा- निर्देश में बिहार सरकार ने सात निश्चय-2 के अंतर्गत राज्य में उन्नत चिकित्सा सुविधाओं के विस्तार के लिए वर्ष 2021 में बाल हृदय योजना की शुरुआत की गई थी।इस योजना के तहत, जन्मजात हृदय संबंधी जटिलताओं से पीड़ित 0-18 वर्ष के बच्चों को निः शुल्क उपचार एवं शल्य चिकित्सा की सुविधा प्रदान की जा रही है।

स्वास्थ्य विभाग के सभागार में आयोजित कार्यक्रम को सर्वोच्च न्यायालय के पूर्व न्यायाधीश एम आर साह एवं प्रशांति मेडिकल सर्विसेज के ट्रस्टी मनोज भिमानी ने भी संबोधित किया और बिहार सरकार के कार्यों की प्रशंसा की।इस कार्यक्रम में अपर मुख्य सचिव प्रत्यय अमृत, कार्यपालक निदेशक सुहर्ष भगत, स्वास्थ्य सचिव मनोज सिंह, शशांक शेखर, डॉ. राजीव, अमिताभ सिंह समेत विभाग के कई वरीय पदाधिकारी मौजूद रहे।

## महाकुंभ मेले में महामंडलेश्वर समेत चार पर हमला, किन्नर अखाड़े में वारदात से अफरा तफरी



महाकुंभनगर, 14 फरवरी [एजेंसी]।

महाकुंभ मेला क्षेत्र में गुरुवार रात किन्नर अखाड़े की महामंडलेश्वर कल्याणीनंद गिरि और उनकी तीन शिष्यों पर चाकू से हमला कर दिया गया। मामूली रूप से घायल सभी लोगों को महाकुंभ केंद्रीय अस्पताल में भर्ती कराया गया है। घटना के पीछे किन्नर अखाड़े की गुटबाजी है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। महाकुंभ मेला क्षेत्र के सेक्टर 16 में किन्नर अखाड़े का शिविर है।

बताया गया है कि गुरुवार रात महामंडलेश्वर कल्याणीनंद गिरि श्रद्धालुओं को आशीर्वाद दे रही थीं। आरोप है कि इसी दौरान कुछ युवक शिविर में घुस आए और गाली-गलौज करते हुए महामंडलेश्वर पर चाकू से हमला कर दिया।बीच बचाव करने पर उनकी शिष्या राधिका, वैष्णवी सहित एक अन्य जख्मी हो गईं। इस घटना से अखाड़े में अफरा तफरी मच गई। आनन-फानन सभी को केंद्रीय अस्पताल भिजवाया गया। जहां कुछ देर में तमाम किन्नर भी पहुंच गए। थानाध्यक्ष अन्न क्षेत्र शंभू सिंह का कहना है कि घटना की लिखित शिकायत नहीं मिली है। किसी को गंभीर चोट नहीं लगी है। प्रारंभिक छानबीन में पता चला है कि अखाड़े के बीच चल रहे पुराने विवाद को लेकर घटना हुई है। सच्चाई का पता लगाकर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

# छह करोड़ की फिरौती के साथ भेजा बेटे-बहू का बाथरूम वीडियो

### फाल सिलिंग में मिला छेद तो दंग रह गए घरवाले



लखनऊ, 14 फरवरी [एजेंसी]।

सुशांत गोल्फ सिटी स्थित रिषिका रेसिडेंशियल सोसायटी में रहने वाले जय कुमार जैन को संदिग्ध ने मैसेज कर कहा छह करोड़ रुपये दो नहीं तो जान से मार दिए जाओगे। उन्होंने विरोध किया तो बाथरूम में नहाते हुए बेटे और बहू का अश्लील वीडियो भेजी। पीड़ित ने आनन फानन पुलिस को सूचना दी। डीसीपी दक्षिणी निपुण अग्रवाल ने बताया कि गुरुवार देर रात मुकदमा दर्ज कर चार टीमों को लगाया गया है। जल्द ही गिरफ्तारी की जाएगी। पीड़ित जय कुमार जैन ने बताया कि यशवर्धन और बहू के मोबाइल फोन पर 11 फरवरी की रात किसी व्यक्ति का मैसेज आया, जिसमें कहा गया कि छह करोड़ रुपये लेकर गोमतीनगर आओ नहीं तो सोच लेना ठीक नहीं होगा।

मैसेज के साथ एक वीडियो भेजी गई थी, जिसमें दोनों बाथरूम में नहाते हुए दिख रहे हैं। मैसेज और वीडियो मिलते ही बाथरूम को चेक किया तो बाथरूम की फाल सिलिंग में छेद मिला। पीड़ित का आरोप है कि आरोपी ने भय दिखाकर उससे छह करोड़ फिरौती की मांग की है। न देने पर परिवार को जान से मारने की धमकी दी जा रही है। पीड़ित द्वारा इसकी लिखित शिकायत पुलिस से की गई है। डीसीपी ने बताया कि दो जिलों में टीम दबिश दे रही है। साथ ही सभी से पूछताछ की जा रही है।डीसीपी ने बताया कि जिस नंबर से मैसेज किया गया, वह दिसंबर में बंद हो गया था। वॉट्सएप के जरिए मैसेज किया गया है। लोकेशन निकलवाई गई तो एग्जैक्ट लोकेशन नहीं मिली है। शक के आधार पर प्लंबर और अन्य से पूछताछ की जा रही है।

### पीएम मोदी से मुलाकात से पहले ट्रंप ने फोड़ा नया टैरिफ बम, बोले- जो हम पर जितना टैक्स लगाएगा, उतना ही हम लगाएंगे

**नई दिल्ली।** पीएम नरेन्द्र मोदी से मुलाकात के तकरीबन ढाई घंटे पहले अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने रेसिप्रोकल टैक्स (पारस्परिक कर) लगाने का एलान कर दिया है। राष्ट्रपति ट्रंप ने अपने चुनावी वादे के मुताबिक यह टैक्स लगाया है, जिसके तहत अमेरिका अब उन सभी देशों से होने वाले आयात पर उतना ही टैक्स लगाएगा, जितना ये देश अमेरिकी उत्पादों या सेवाओं पर लगाते हैं।वैसे राष्ट्रपति ट्रंप का यह फैसला किसी खास देश को लेकर नहीं है, लेकिन इसका असर मेक्सिको, चीन के साथ भारत पर भी पड़ने की बात कही जा रही है। वजह यह है कि अमेरिकी उत्पादों पर ज्यादा टैक्स लगाने वाले देशों में भारत भी है। राष्ट्रपति ट्रंप स्वयं कई बार यह कह चुके हैं कि भारत सबसे ज्यादा टैक्स लगाने वाले देशों में है। अब देखना होगा कि मोदी और ट्रंप की मुलाकात में इस मुद्दे पर कितनी बात होती है। नई नीति से संबंधित कार्यकारी आदेश पर हस्ताक्षर करने के बाद ट्रंप ने एलान किया-जो जैसा टैरिफ लगाएगा, वैसा हम भी लगाएंगे।

# सरकारी एजेंसियों को खत्म करना चाहते हैं मस्क खर्चों में कटौती के लिए बनाया अजीब प्लान

वाशिंगटन, 14 फरवरी [एजेंसी]।



अमेरिका के ट्रंप प्रशासन में सरकारी दक्षता विभाग के प्रमुख एलन मस्क ने संघीय सरकार से सभी एजेंसियों को खत्म करने की पैरवी की है। उन्होंने गुरुवार को कहा कि राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के अमेरिकी सरकार में क्रांतिकारी बदलाव लाने के अभियान के तहत तमाम संघीय एजेंसियों को समाप्त कर दिया जाना चाहिए। मस्क ने इन एजेंसियों की तुलना खरपतवार से की है। ट्रंप ने सरकारी खर्चों में कटौती और सरकार की प्राथमिकताओं को फिर से तय करने के अभियान के तहत इस विभाग का गठन किया है और अरबपति मस्क को इसकी जिम्मेदारी सौंपी है। मस्क ने दुबई में विभिन्न देशों की सरकारों के शिखर सम्मेलन को वीडियो काल के माध्यम से संबोधित किया। उन्होंने कहा कि हमें संपूर्ण एजेंसियों को खत्म करने की जरूरत है। यह आसान काम है। यह एक तरह से खरपतवार को छोड़ने जैसा है। अगर हम खरपतवार की जड़ों को नहीं हटाते हैं तो खरपतवार के फिर से उगने की संभावना रहती है। उनकी यह टिप्पणी ऐसे समय आई है, जब उन्हें इसी सप्ताह एक अनिर्वाचित अधिकारी रूप में अपनी भूमिका का बचाव करना पड़ा है। रिपब्लिकन राष्ट्रपति ट्रंप की ओर से मस्क को अमेरिकी सरकार के कुछ हिस्सों को समाप्त करने के लिए अभूतपूर्व अधिकार दिए गए हैं। मस्क के नेतृत्व में इसी अभियान के तहत विदेशी सहायता पर रोक लगाई गई है और अमेरिकी मानवीय सहायता एजेंसी यूएसएड को बंद करने की तैयारी चल रही है।अमेरिका के एक संघीय जज ने राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की संघीय कार्यबल में कटौती की उस योजना का रास्ता बुधवार को साफ कर दिया, जिसके जरिये हजारों कर्मचारियों को इस्तीफा देने के लिए प्रोत्साहित करने के लिए धन की पेशकश की जा रही है।

बोस्टन के जिला जज जार्ज ओटूल जूनियर ने पाया कि श्रमिक संघों के एक समूह के पास इस योजना को चुनौती देने के लिए कानूनी आधार नहीं है। इस बीच, अमेरिकी कार्मिक प्रबंधन कार्यालय के प्रवक्ता ने बताया कि करीब 75 हजार कर्मचारियों ने त्यागपत्र के प्रस्ताव को स्वीकार कर लिया है। ट्रंप प्रशासन ने सरकारी खर्चों में कटौती के लिए यह कदम उठाया है।टेस्ला के सीईओ और इंटरनेट मीडिया कंपनी एक्स के मालिक एलन मस्क ने चैटजीपीटी विनिर्माता ओपनएआई को खरीदने को लेकर अपने प्रस्ताव को वापस लेने की बात कही है, लेकिन इसके लिए उन्होंने शर्त रखी है।मस्क ने कहा कि इसे लाभ के लिए कार्यरत कंपनी बनाने का विचार छोड़ दिया जाता है तो वह इसे खरीदने की अपनी पेशकश वापस ले लेंगे। इसी सप्ताह मस्क की अगुआई वाले कंसोंटियम ने ओपनएआक्र को 97.4 अरब डालर में खरीदने का प्रस्ताव दिया था। जबकि ओपनएआई के सीईओ सैम आल्टमैन ने प्रस्ताव को ठुकरा दिया था और कहा था।

# शादी के लिए हरियाणा से दूल्हा आया बिहार घोड़ी चढ़ने की बजाए पहुंचा थाने, पुलिस भी दंग!



अररिया, 14 फरवरी [एजेंसी]।


दिल्ली और हरियाणा में शादी के लिए लड़की नहीं मिलने पर दूल्हा बनने बिहार पहुंचे अधेड़ को लोगों ने पुलिस के हवाले कर दिया। हालांकि, पुलिस ने लड़की के माता-पिता की मर्जी से शादी होने की बात कहते हुए दूल्हा और उसके जीजा को पीआर बांड पर छोड़ दिया। दरअसल, हरियाणा के महेंद्रगढ़ से दो लोग बिहार के अररिया जिला के सिकटी प्रखंड के परिया गांव में शादी करने के लिए पहुंचे थे। करीब 10 दिनों से वे परड़िया के ग्रामीणों के साथ शादी के लिए लड़की ढूंढ रहे थे। काफी खोजबीन के बाद सिकटी थाना क्षेत्र के मुरारीपुर में लड़की के पिता से शादी की बातचीत की। शादी के खर्च के लिए लड़की के पिता को 15 हजार रुपये देने पर सहमति बनी। शादी की सारी तैयारी की गई। हल्दी-मेहंदी भी लगी, सारी रस्में लड़की के घर पर ही की गई। सिंदूरदान की बारी आने पर लड़की की मां ने सुंदरनाथ धाम में सिंदूरदान करने की बात कही, तो सभी तैयार हो गए। इसके बाद मंगलवार की संध्या लड़की और परिवार वाले अधेड़ दूल्हा राजीव गुप्ता, उसके जीजा सुनील अग्रवाल और कुछ स्थानीय लोगों के साथ शादी कराने कुर्साकांटा प्रखंड के सुंदरनाथ धाम मंदिर पहुंचे। मंदिर कमेटी ने दोनों पक्षों से पहचान पत्र मांगा।पहचान पत्र दिया भी गया, लेकिन जब दो गवाहों को देने की बात कही तो स्थानीय लोग सुंदर नाथ धाम मंदिर से चले गए। इसके बाद धीरे-धीरे दूल्हे के साथ आए लोग भी घर चले गए। शंका के आधार पर मंदिर कमेटी ने दूल्हा एवं उसके जीजा को पुलिस को सौंप दिया।इधर, कुआड़ी थानाध्यक्ष रोशन कुमार सिंह ने बताया कि लड़का और उनके जीजा को पूछताछ के लिए थाना लाया गया।

पूछताछ से पता चला कि लड़की के माता-पिता अपनी मर्जी से शादी कर रहे हैं। इसमें दोनों पक्षो की सहमति शामिल थी। कई स्तर से इसकी जांच की गई। अंततः पीआर बॉन्ड बनाकर दोनों को छोड़ दिया गया।इधर, लड़के का जीजा सुनील अग्रवाल ने बताया कि हरियाणा-दिल्ली में लड़की की कमी होने के कारण लड़कों की शादी समय पर नहीं हो पाती है। परडिया गांव के कुछ मजदूर हमारे यहां काम करते थे तो मैंने उनसे कहा था कि बिहार में लड़की मिल जाती है तो मैं अपने साले की शादी कराऊंगा, इसलिए यहां आया था।

## शिक्षक ने छात्रा से मांगी गुरु दक्षिणा, कहा- बन जाओ मेरी गर्लफ्रेंड

**किशनगंज।** किशनगंज के कोचाधामन प्रखंड के एक स्कूल में पदस्थापित एक आशिक मिजाज शिक्षक ने गुरु-शिष्या के रिश्ते को तार-तार कर दिया। शिक्षक स्कूल की 12वीं कक्षा की छात्रा को फोन कर गुरु दक्षिणा के तौर पर गर्लफ्रेंड बन जाने के लिए कहते हैं।इतना ही नहीं, सिलीगुड़ी घुमाने और शॉपिंग कराने का प्रलोभन भी देते हैं। शिक्षक की आपत्तिजनक बातों से तंग आकर छात्रा ने इसकी लिखित शिकायत स्कूल के प्रधानाचार्य से की है।छात्रा का कहना है कि शिक्षक विकास कुमार सुबह-सुबह फोन कर अश्लील बाते करते हैं। अरोपित शिक्षक द्वारा किए गए फोन कॉल का रिकॉर्डिंग भी छात्रा के मोबाइल में है, जिसमें छात्रा शिक्षक के बात का विरोध करती है और पत्नी के साथ घूमने के लिए जाने की सलाह देती है। प्रधानाचार्य ने इसकी शिकायत जिला शिक्षा पदाधिकारी से की और शिक्षक के ऊपर लगे आरोप की जांच करते हुए कार्रवाई की मांग की है। वहीं, जिला शिक्षा पदाधिकारी नासिर हुसैन ने शिक्षक से स्पष्टीकरण मांगते हुए जांच का आदेश दिया है।उन्होंने बताया कि जांच व स्पष्टीकरण मिलते ही उचित कार्रवाई की जाएगी। विदित हो कि शिक्षक पर पूर्व में स्कूल की एक शिक्षिका से प्रेम प्रसंग का मामला भी खूब चर्चा में आया था। जब मामला खुला तो शिक्षक दबाव में आकर शिक्षिका से शादी कर ली।

## वक्फ बिल पर जेपीसी: हंगामे के बाद संसद में सरकार ने पेश किया शुद्धिपत्र, विपक्षी सदस्य ने कसा तंज



**नई दिल्ली।** वक्फ संशोधन विधेयक पर संयुक्त संसदीय समिति (जेपीसी) की रिपोर्ट में असहमति से जुड़े हिस्सों को कथित रूप से हटाए जाने के मुद्दे पर विपक्षी दलों के हंगामे के बाद भाजपा की मेधा विश्राम कुलकर्णी ने बृहस्पतिवार दोपहर उच्च सदन में एक शुद्धिपत्र पेश किया। कुलकर्णी ने रिपोर्ट के परिशिष्ट पांच का शुद्धिपत्र राज्यसभा में भोजनावकाश के बाद पेश किया। उन्होंने सुबह सदन में रिपोर्ट पेश की थी।रिपोर्ट के परिशिष्ट का अध्याय पांच संयुक्त समिति के सदस्यों से प्राप्त टिप्पणियों/असहमतियों के कार्यवृत्त से संबंधित है और इसमें वे टिप्पणी शामिल हैं जिन्हें पहले की पेश की गई रिपोर्ट में संपादित किया गया था। भाजपा सदस्य ने जैसे ही शुद्धिपत्र पेश किया, एक विपक्षी सदस्य ने चुटकी लेते हुए कहा कि यह साबित करता है कि सदन को पहले एक मंत्री द्वारा गुमराह किया गया था। शुद्धिपत्र के लिए सरकार को धन्यवाद देते हुए सभापति जगदीप धनखड़ ने कहा-यह दर्शाता है कि संसदीय संस्थाएं फल-फूल रही हैं और भावनाओं का ध्यान रखा जा रहा है।

हम चाहते हैं कि संवाद और विचार-विमर्श के माध्यम से ही चीजें हों। हालांकि, विपक्षी सांसदों ने कहा कि यह उनके दबाव में किया गया। तृणमूल कांग्रेस के सांसद साकेत गोखले ने कहा कि सरकार को वक्फ जेपीसी को बिना हटाए गए विपक्षी असहमति नोट्स के साथ प्रस्तुत करने के लिए मजबूर किया गया। संस्थानों को बचाने के लिए विपक्ष रचनात्मक लड़ाई कर रहा है। जब रिपोर्ट को गुरुवार को पहले सदन में प्रस्तुत किया गया था तब गोखले ने मांग की थी कि रिजिजू को जवाब देना चाहिए कि क्या असहमति नोट्स में कोई संशोधन किया गया था।



## गोरी है कलाईयां के साथ कनिका कपूर की धमाकेदार वापसी

बॉलीवुड की मशहूर सिंगर कनिका कपूर, जिन्होंने चिट्टियां कलाइयां' और बेबी डॉल' जैसे सुपरहिट गाने दिए हैं, एक बार फिर धमाकेदार वापसी कर रही हैं। उनका नया गाना गोरी है कलाईयां' फिल्म मेरे हसबैंड की बीवी' का प्रमुख ट्रैक है। खास बात यह है कि इस गाने में कनिका के साथ रैपर बादशाह की भी शानदार परफॉर्मेंस देखने को मिलेगी। वहीं, म्यूजिक वीडियो में भूमि पेडनेकर, रकुल प्रीत सिंह और अर्जुन कपूर नजर आएंगे, जो इस गाने को और भी ग्रैंड बना रहा है।

कनिका कपूर की आवाज़ हमेशा से बॉलीवुड के चार्टबस्टर्स में शामिल रही है। इस बार भी गोरी है कलाईयां' अपनी एनर्जेटिक बीट्स और कनिका की जादुई आवाज़ के साथ दर्शकों को झूमने पर मजबूर कर देगा। इस गाने के जरिए कनिका और बादशाह की केमिस्ट्री फिर से म्यूजिक इंडस्ट्री में धूम मचाने को तैयार है।

बॉलीवुड के अलावा, कनिका कपूर इंडिपेंडेंट म्यूजिक इंडस्ट्री में भी लगातार प्रयोग कर रही हैं। हाल ही में उन्होंने मटक मटक' और फैंटेसी' जैसे गानों से अपनी अलग पहचान बनाई है, जहां उन्होंने भारतीय धुनों को अफ्रीकी बीट्स और मॉडर्न साउंड के साथ मिलाकर अनोखा फ्यूजन तैयार किया है।

# हर दिन किसी भी समय 30 मिनट चलें मिलेंगे स्वास्थ्य से जुड़े कई लाभ

रोजाना 30 मिनट चलना एक सरल और प्रभावी एक्सरसाइज है, जिससे आप अपने स्वास्थ्य को बेहतर बना सकते हैं। यह न केवल आपके शारीरिक स्वास्थ्य के लिए फायदेमंद है, बल्कि मानसिक स्वास्थ्य पर भी सकारात्मक प्रभाव डाल सकता है।

इस लेख में हम जानेंगे कि कैसे रोजाना 30 मिनट की सैर आपके शरीर को बदल सकती है और आपको स्वस्थ जीवन जीने में मदद कर सकती है।

हृदय की सेहत में कर सकता है सुधार

रोजाना 30 मिनट चलने से आपके हृदय की सेहत में सुधार होता है। यह आपकी धमनियों को साफ रखने और ब्लड प्रेशर को नियंत्रित करने में मदद करता है।

नियमित रूप से चलने से हृदय रोगों का खतरा कम होता है और आपका हृदय मजबूत बनता है। इससे रक्त संचार बेहतर होता है, जिससे शरीर के सभी अंगों तक ऑक्सीजन पहुंचती रहती है।

इसके अलावा यह खराब कोलेस्ट्रॉल के स्तर को कम करने में भी सहायक होता है।

वजन घटाने में है सहायक

अगर आप वजन घटाने की कोशिश कर रहे हैं तो रोजाना 30 मिनट चलना एक बेहतरीन उपाय हो सकता है।

यह कैलोरी जलाने का एक आसान तरीका प्रदान करता है, जो बिना किसी विशेष उपकरण या जिम सदस्यता के किया जा सकता है।

नियमित रूप से चलने से मेटाबॉलिज्म तेज होता है, जिससे चर्बी तेजी से घटती हैं। इसके साथ ही यह भूख पर नियंत्रण रखने और खाने की आदतों को संतुलित करने में भी मदद करता हैं।

तनाव को कम करने में है प्रभावी



चलना न केवल शारीरिक बल्कि मानसिक स्वास्थ्य के लिए भी फायदेमंद होता है।

जब आप चलते हैं तो आपका मस्तिष्क एंडोर्फिन नामक हार्मोन रिलीज करता है, जो मूड को अच्छा बनाता है और तनाव को कम करता है।

इससे मन शांत रहता है और दिमाग तरोताजा महसूस करता है।

नियमित रूप से चलने वाले लोग अक्सर अधिक खुश रहते हैं क्योंकि उनका मानसिक स्वास्थ्य बेहतर होता है और वे अधिक सकारात्मक दृष्टिकोण रखते हैं।

हड्डियों और मांसपेशियों को मिल सकती है मजबूती

रोजाना 30 मिनट तक पैदल चलना आपकी हड्डियों और मांसपेशियों की मजबूती को बढ़ाता है।

इससे हड्डियां घनी होती जाती हैं, जिससे ऑस्टियोपोरोसिस जैसी समस्याओं का खतरा कम हो जाता है।

पैदल चलने से मांसपेशियों का टोनिंग भी बेहतर होता है, जिससे शरीर लचीला बना रहता है।

यह आपके शरीर को मजबूत बनाने के साथ-साथ संतुलन में भी सुधार करता है, जिससे आप अधिक सक्रिय महसूस करते हैं।

नींद की गुणवत्ता में हो सकता है सुधार

अगर आपको नींद नहीं आती या नींद पूरी नहीं होती है तो रोजाना पैदल चलना इसमें सुधार ला सकता है।

जब आप चलते समय थक जाते तो रात में अच्छी नींद आती है, जिससे आपका दिमाग शांत रहता है और सोते समय आराम मिलता है।

अच्छी नींद लेने वाले लोग दिनभर ऊर्जावान महसूस करते हैं और उनकी कार्यक्षमता भी बढती है।



## अंदाज अपना अपना सिनेमाघरों में दोबारा देगी दस्तक

राजकुमार संतोषी के निर्देशन में बनी फिल्म अंदाज अपना अपना को दर्शकों का खूब प्यार मिला था। इस फिल्म में आमिर खान और सलमान खान मुख्य भूमिका में नजर आए थे।

यह फिल्म 4 नवंबर, 1994 को सिनेमाघरों में रिलीज हुई थी और इसने बॉक्स ऑफिस पर 5.30 करोड़ रुपये से अधिक का कारोबार किया था। अब लगभग 31 साल बाद आमिर-सलमान की यादगार फिल्म अंदाज अपना अपना को एक बार फिर सिनेमाघरों में रिलीज किया जा रहा है। अंदाज अपना अपना इस साल अप्रैल में सिनेमाघरों में फिर से दस्तक देगी, वहीं फिल्म का नया टीजर कल यानी 13 फरवरी को जारी किया जाएगा। निर्माताओं ने पोस्टर साझा कर खुद इसकी पुष्टि की है। हालांकि, फिल्म इसकी रि-रिलीज तारीख सामने नहीं आई है। अंदाज अपना अपना एक कॉमेडी फिल्म है, जो अपने समय में बॉक्स ऑफिस पर असफल रही थी। हालांकि, जैसे-जैसे साल गुजरते गए, यह फिल्म एक कल्ट क्लासिक बन गई। आमिर खान और सलमान खान की जोड़ी ने दर्शकों के दिलों में ऐसी जगह बनाई कि आज भी उनकी केमिस्ट्री को याद किया जाता है। फिल्म में रवीना टंडन, करिश्मा कपूर, परेश रावल और शक्ति कपूर ने भी अहम किरदार निभाए थे। इस फिल्म के संवाद जैसे गलती से मिस्टेक हो गया और क्राइम मास्टर गोगो नाम है मेरा, आंखें निकाल के गोटियां खेलती हूं मैं आज भी दर्शकों की जुबान पर हैं और ये पॉप कल्चर का हिस्सा बन चुके हैं।

# बदलते मौसम में त्वचा को स्वस्थ और चमकदार रखने के लिए अपनाएं ये 5 तरीके

मौसम के बदलाव का हमारी त्वचा पर गहरा असर पड़ता है। जब मौसम बदलता है तो हमारी त्वचा को भी खास देखभाल की जरूरत होती है। चाहे सर्दी हो या गर्मी, हर मौसम में त्वचा की देखभाल का तरीका अलग होता है।

इस लेख में हम आपको कुछ आसान और प्रभावी उपाय बताएंगे, जिनसे आप अपनी त्वचा को स्वस्थ और चमकदार बनाए रख सकते हैं।

रोजाना मॉइस्चराइजर जरूर लगाएं

बदलते मौसम में सबसे जरूरी होता है कि आप अपनी त्वचा को नियमित रूप से मॉइस्चराइज करें।

ठंडे मौसम में हवा शुष्क होती है, जिससे आपकी त्वचा रूखी हो सकती है। इसके लिए एक अच्छा मॉइस्चराइजर चुनें, जो आपकी त्वचा के प्रकार के अनुसार हो।

इसे नहाने के बाद और सोने से पहले लगाएं ताकि आपकी त्वचा नमी से भरपूर रहे और उसमें चमक बनी रहे।

सही आहार लें

आपकी डाइट का सीधा असर आपकी त्वचा पर पड़ता है। बदलते



मौसम में ताजे फल, सब्जियां और पर्याप्त पानी पीना बहुत जरूरी होता है।

विटामिन-सी युक्त फलों जैसे संतरा, नींबू आदि का सेवन करें, जो आपकी रोग प्रतिरोधक क्षमता को बढ़ाने के साथ-साथ आपकी त्वचा को भी निखारते हैं।

इसके अलावा ओमेगा-3 फैटी एसिड्स वाले खाद्य पदार्थ जैसे अखरोट और अलसी का सेवन भी फायदेमंद होता है।

सनस्क्रीन लगाना न भूलें

कई लोग यह मानते हैं कि सनस्क्रीन का उपयोग केवल गर्मियों में करना चाहिए, लेकिन यह एक गलतफहमी है।

चाहे सर्दी हो या बरसात, सूरज की हानिकारक किरणें हमेशा हमारी त्वचा को नुकसान पहुंचा सकती हैं। इसलिए हर दिन बाहर निकलने से पहले सनस्क्रीन लगाना जरूरी है।

यह आपकी त्वचा को यूवी किरणों से बचाने में मदद करता है और उसे स्वस्थ रखता है।

सनस्क्रीन का नियमित उपयोग आपकी त्वचा की सुरक्षा के लिए एक अहम कदम है।

हल्के फेसवॉश का उपयोग करें

बदलते मौसम में चेहरे की सफाई बहुत जरूरी होती है।

कठोर साबुन या फेसवॉश का उपयोग न करें क्योंकि ये आपके चेहरे की प्राकृतिक नमी छीन सकते हैं। इसके बजाय हल्के और प्राकृतिक तत्वों से बने फेसवॉश का उपयोग करें जो गंदगी साफ कर चेहरे को मुलायम बनाए रखे।

दिन में दो बार, सुबह और रात को सोने से पहले, चेहरा साफ करना आपकी त्वचा के लिए फायदेमंद होता है।

पर्याप्त नींद लें

नींद का हमारी त्वचा पर गहरा असर पड़ता है।

अगर आप पर्याप्त नींद नहीं लेते हैं तो इसका असर आपके चेहरे पर थकावट के रूप में दिख सकता है। इसलिए रोजाना कम से कम 7-8 घंटे की नींद लेना जरूरी है।

यह आपकी त्वचा को तरोताजा और चमकदार बनाए रखने में मदद करता है।

अच्छी नींद से आपकी त्वचा की प्राकृतिक चमक बनी रहती है और आप दिनभर ऊर्जावान महसूस करते हैं, जिससे आपकी त्वचा स्वस्थ नजर आती है।



## इंडो-वेस्टर्न आउटफिट पहन प्रज्ञा जैसवाल ने दिखाई दिलकश अदाएं

बॉलीवुड एक्ट्रेस प्रज्ञा जैसवाल आए दिन अपनी स्टाइलिश फैशन स्टेटमेंट्स और ग्लैमरस लुक्स के कारण सोशल मीडिया पर लाइमलाइट बटौरती रहती हैं। वो जब भी अपनी तस्वीरें इंस्टाग्राम पर पोस्ट करती हैं तो वो चंद ही मिनटों में वायरल होने लगती हैं। अब हाल ही में एक्ट्रेस ने अपने लेटेस्ट फोटोशूट की तस्वीरें फैंस के बीच शेयर की हैं। इन तस्वीरों में उनका किलर लुक देखकर फैंस मदहोश हो गए हैं।

एक्ट्रेस प्रज्ञा जैसवाल ने अपने करियर की शुरुआत साउथ फिल्मों से की थी और आज वो किसी भी पहचान की मोहताज नहीं हैं। उन्होंने हिंदी फिल्मों में भी अपनी दमदार एक्टिंग से फैंस को इस कदर दीवाना बनाया है कि लोग तारीफ करते नहीं थकते हैं।

अब हाल ही में एक्ट्रेस प्रज्ञा जैसवाल ने अपने लेटेस्ट फोटोशूट की तस्वीरें फैंस के बीच साझा की हैं। इन तस्वीरों में उनका किलर अवतार देखकर फैंस के होश उड़ गए हैं।

बता दें कि एक्ट्रेस जब भी अपनी फोटोज इंस्टाग्राम पर शेयर करती हैं तो फैंस उनकी हर एक फोटोज पर दिलखोलकर लाइक्स और कॉमेंट्स करते नहीं थकते हैं।

इन फोटोज में आप देख सकते हैं एक्ट्रेस प्रज्ञा जैसवाल ने रेड कलर का इंडो-वेस्टर्न आउटफिट पहना हुआ है, जिसमें वो एक से बढ़कर एक स्टनिंग पोज में फोटोशूट करवाती हुई नजर आ रही हैं।

खुले बाल, ग्लैम मेकअप, कानों में इयररिंग्स और न्यूड शेड लिप्सटिक लगाकर एक्ट्रेस प्रज्ञा जैसवाल ने अपने आउटलुक को कंप्लीट किया है। फोटोज में आप देख सकते हैं एक्ट्रेस अपना परफेक्ट फिगर फ्लॉन्ट करती हुई नजर आ रही हैं।

## केसरी वीर का मोशन पोस्टर आया सामने, 14 मार्च को रिलीज होगी फिल्म

फिल्म 'केसरी वीर' का मोशन पोस्टर हाल ही में रिलीज हुआ है। फिल्म क्रिटिक तरण आदर्श ने इस फिल्म से जुड़ी एक पोस्ट अपने ट्वीटर अकाउंट पर शेयर की है। फिल्म के मेकर्स ने 'केसरी वीर' से जुड़ी कई सारी जानकारियां साझा की हैं, जिनका जिक्र तरण आदर्श की पोस्ट में भी है। 'केसरी वीर' फिल्म में सूरज पंचोली, सुनील शेट्टी और विवेक ओबेरॉय जैसे बॉलीवुड एक्टर्स नजर आने वाले हैं। ये तीनों ही एक्टर्स फिल्म में मुख्य भूमिका निभाएंगे। ये भूमिकाएं कैसी होंगी, इसकी डिटेल अभी शेयर नहीं की गई हैं। फिल्म को प्रिंस थीमान निर्देशित कर रहे हैं। फिल्म के प्रोड्यूसर कानू चौहान हैं। फिल्म 'केसर वीर' का अभी मोशन पोस्टर रिलीज हुआ है। लेकिन 13 फरवरी 2025 को इसका टीजर रिलीज किया जाएगा। साथ ही फिल्म भी मार्च में रिलीज होगी। इस फिल्म की रिलीज डेट 14 मार्च 2025 तय की गई है। फिल्म 'केसर वीर' का अभी मोशन पोस्टर रिलीज हुआ है।

## शब्द सामर्थ्य -326

(भागवत साहू)

**बाएं से दाएं**

1. याद, स्मरण 3. अग्नि, आग, पवित्र करने वाला 6. गौ जाति का नर 8. निशाचर, रात में विचरण करने वाला 10. मुस्कुराहट, तबस्सुम 11. खारा, नमक के स्वाद जैसा 14. मुख्यभाग, निचोड़ 16. पिंडली व एड़ी के बीच की दोनों ओर उभरी हड्डी, गुल्फ 18. अद्भुत, विचित्र 21. सम्राट, बादशाह, नरेश 22. कृति, निर्माण करना, बनाना 23. बड़ी थाली 24. समूह, दल 26. एहसानमंद, कृतज्ञ 27. ध्वनि, सदा 28. श्रीकृष्ण के बड़े भाई, हलधर।

**ऊपर से नीचे**

2. अपमान, अनादर, अवज्ञा 3. जल, नीर, अम्बु 4. वाणी, वादा, कथन 4. कर्म शब्द का अपभ्रंश, भाग्य 7. लकड़ी का घूमने वाला एक गोल खिलौना, बिजली का बल्ब 9. लोग, प्रजा 10. यात्री, राही, पथिक 12. कीड़ा 13. चोचला, अदा 15. दंड 17. अवैध, अनुचित 18. जो आधिकारिक न हो, जो अधिकार प्राप्त न हो 19. जैसा होना चाहिए, ठीक वैसा, सत्यपरक, वाजिब 20. ताकत, शक्ति 24. प्रश्न, समस्या 25. घटना, घटना का वर्णन 26. एक प्रसिद्ध पक्षी जो रात में विचरण करता है, लक्ष्मीजी की सवारी 27. पानी, चमक।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | ■ | 3 | 4 | 5 | ■ | 6 | 7 |
| ■ | 8 | 9 | | | | ■ | ■ | |
| 10 | | | ■ | 11 | | 12 | 13 | ■ |
| 14 | | ■ | 15 | ■ | ■ | 16 | | 17 |
| | ■ | 18 | | 19 | 20 | ■ | 21 | |
| 22 | | | ■ | 23 | | ■ | ■ | |
| ■ | ■ | | ■ | | ■ | 24 | 25 | |
| 26 | | | | ■ | 27 | | | ■ |
| | ■ | | ■ | ■ | 28 | | | |

### शब्द सामर्थ्य क्रमांक 325 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| टे | ढ़ा | मे | ढ़ा | ■ | म | हा | र | त |
| क | ■ | ह | ■ | ■ | ■ | ■ | ज | न |
| ■ | जा | न | की | ■ | क | म | नी | य |
| ■ | ■ | त | म | क | ना | ■ | ■ | ■ |
| म | ■ | ■ | त | ह | त | ■ | दा | ब |
| सी | मा | ■ | ■ | ला | ■ | स | न | द |
| हा | थ | म | ल | ना | ■ | वा | ■ | च |
| ■ | ■ | द | ■ | ■ | घा | ल | मे | ल |
| ■ | ब | द | ह | वा | स | ■ | ■ | न |

# मंत्री श्याम बिहारी के बंगले से हुई चोरी के मामले मे रायपुर कोर्ट ने पुलिस को जांच प्रतिवेदन पेश करने का दिया आदेश

## चिरमिरी के आरटीआई कार्यकर्ता ने न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी रायपुर की कोर्ट में लगाया है याचिका

**चिरमिरी।** स्वास्थ मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल के शासकीय बंगले से हुई चोरी के मामले मे न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी रायपुर की कोर्ट ने पुलिस को जांच प्रतिवेदन पेश करने का आदेश दिया है । ज्ञात हो कि उपरोक्त मामले में पुलिस की सुस्त जांच कार्यवाही से क्षुब्ध होकर चिरमिरी के आरटीआई कार्यकर्ता ने न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी रायपुर की कोर्ट में याचिका दायर की है।

उपरोक्त मामले में जानकारी देते हुए आरटीआई कार्यकर्ता राजकुमार मिश्रा ने बताया कि छत्तीसगढ़ में भाजपा सरकार बनने के बाद शंकर नगर रायपुर स्थित बंगला क्रमांक सी-2 स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल को आबंटित किया गया. स्वास्थ्य मंत्री के द्वारा बंगला प्राप्त होने पर बंगला का निरीक्षण किया गया, जिसमें उन्होंने पाया कि बंगला क्रमांक सी-2 की सारी वस्तु जो महत्वपूर्ण और कीमती है, चोरी कर ली गई है, इस संबंध में विभिन्न ईलेक्ट्रानिक व प्रिंट मीडिया में यह समाचार चलाया गया. लोक निर्माण विभाग विधानसभा संभाग, सिरपुर भवन परिसर, सिविल लाईन रायपुर के द्वारा आर टी आई कार्यकर्त्ता राजकुमार मिश्रा को सूचना का अधिकार पर जानकारी प्रदान किया गया कि वर्ष-2019, 2021 से 2023 तक शंकर नगर मंत्री बंगला सी-2 में प्रयोग किये जाने वाले वस्तुओं से संबंधित चालान की प्रति, प्रदान किये गये वस्तुओं के देयकों की प्रति, वर्तमान में इस बंगले में प्रदाय किये गये सामग्रीयों से संबंधित चालान की प्रति तथा उपरोक्त बंगले में फर्नीचर, बिजली आदि से संबंधित दस्तावेजों की जानकारी प्रदान किया गया है. इसके अतिरिक्त आर टी आई कार्यकर्त्ता राजकुमार मिश्रा को सूचना का अधिकार पर लोक निर्माण विभाग संभाग क्र.-1, मुख्य अभियंता सिरपुर भवन परिसर सिविल लाईन रायपुर के द्वारा जानकारी दिया गया कि उक्त बंगला सी-2 को 06 जनवरी 2024 को विभागीय कार्यवाही के तहत रविन्द्र भोसले, उप अभियंता, लोक निर्माण विभाग उप संभाग क्र.-1 रायपुर के द्वारा अधिपत्य में लिया गया है. आर टी आई कार्यकर्त्ता राजकुमार मिश्रा ने कोर्ट में लिखे शिकायत में आगे लिखा है कि सी-2 बंगले का महत्वपूर्ण वस्तुएँ चोरी या गायब हो चुकी है. शासकीय बंगले सी-2 में प्रयोग किये जाने वाली वस्तुएँ लोक संपत्ति है, इन वस्तुओं को चोरी या गायब करके लोक संपत्ति की क्षति कारित किया गया है. यह कार्य संज्ञेय आपराध की श्रेणी में आता है. संज्ञेय आपराध के संबंध में भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 की धारा-33 में प्रावधान है कि संज्ञेय अपराध से अवगत व्यक्ति की जिम्मेदारी है कि वह इसकी सूचना स्थानीय थाना या सक्षम न्यायालय में दे.आर टी आई कार्यकर्त्ता राजकुमार मिश्रा ने उक्त विडियों समाचार व उन्हें सूचना का अधिकार पर प्राप्त जानकारी के आधार पर अवगत थे कि उक्त प्रकार का संज्ञेय आपराध घटित हुआ है. इस कारण उनकी जिम्मेदारी है कि वे इसकी सूचना थाना या सक्षम न्यायालय को दें. इस विधिक उत्तरदायित्व के कारण उन्होंने उक्त अपराध के संबंध में लिखित सूचना 07 अगस्त 2024 को सिविल लाईन थाना रायपुर को दिया. आर टी आई कार्यकर्त्ता के इस सूचना पर सिविल लाईन थाना रायपुर के द्वारा जाच आरंभ किया गया, इस संबंध में 04 सितंबर 2024 को भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 की धारा-179 के तहत आर टी आई कार्यकर्त्ता को नोटिस भेजकर उनका कथन दर्ज किया गया.



### जांच के बिंदु

उक्त मंत्री बंगला क्रमांक सी-2, कांग्रेस सरकार में नगरीय निकाय मंत्री डा. शिव डहरिया को आवंटित किया गया था, उनके खाली करने के बाद वर्तमान स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल को आवंटित किया गया है. इसी बीच उक्त मंत्री बंगला की महत्वपूर्ण और किमती वस्तुएँ गायब या चोरी हुई है

इस बिंदु पर जांच होनी चाहिए कि पूर्व मंत्री डा. शिव डहरिया के द्वारा मंत्री बंगला क्रमांक सी-2 खाली करने के पूर्व उपरोक्त प्रकार का चोरी अथवा वस्तुएं गायब हुई है या उनके मंत्री बगला लोक निर्माण विभाग के अधिकारी को हैडोवर करने और अन्नपति प्रमाण पत्र प्राप्त करने के पश्चात सामान गायब किया गया है. यदि पूर्व मंत्री शिव डहरिया को अन्नपति प्रमाण पत्र देने के पश्चात मकान में चोरी अथवा सामान गायब हुआ है तो लोक निर्माण विभाग का यह अधिकारी इसके लिए जिम्मेदार है और यदि उनको अनापत्ति प्रमाण पत्र देने के पूर्व उक्त प्रकार का चोरी अथवा सामान गायब हुआ है तो ऐसी स्थिति में पूर्व मंत्री शिव डहरिया को अनापत्ति प्रमाण पत्र किस आधार पर और क्यों दे दी गई है?

इसके पश्चात् विधिवत इस बिंदु पर भी जांच होना चाहिए कि क्या सचमुच मंत्री बगाला क्रमांक सी-2 में चोरी हुआ है अथवा वहां से उक्त घरेलू सामान निकाल लिया गया है जिसने उक्त सामान निकाला है उस पर आपराधिक कार्रवाई किया जाना चाहिए.

उक्त चोरी के संबंध में जिन मिडिया कर्मियों ने विडियो बनाया है, लोगों का बाईट लिया है या किसी भी प्रकार का साक्ष्य एकत्रित किया है. उनका कथन दर्ज किया जाना चाहिए, निश्चित रूप से इस तरह से आपराध का पता लगाया जा सकता है.

वर्तमान स्वास्थ्य मंत्री उक्त घटना से अवगत है, यदि उनके पास कोई साक्ष्य उपरोक्त घटना के संबंध में हो तो एकत्रित किया जाना चाहिए.

लोक निर्माण विभाग के सक्षम अधिकारी-जिम्मेदार अधिकारी का उक्त संबंध में कथन दर्ज किया जाना चाहिए. उनसे उक्त सबंध में समस्त दस्तावेज जप्त किया जाना चाहिए. इससे घटना की सत्यता का पता लगाया जा सकता है.

उपरोक्त तथ्यों और पुलिस के लापरवाही पूर्वक जांच से दुखी होकर आईटीआई कार्यकर्ता राजकुमार मिश्रा ने रायपुर न्यायालय में जांच कर दोषियों के विरुद्ध कार्रवाई करने का निर्देश देने का आवेदन कुमारी आकांक्षा बेक न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी रायपुर के न्यायालय में पेश किया है, न्यायालय ने दिनांक 21 जनवरी 2025 को थाना प्रभारी सिविल लाइन रायपुर को जांच कर प्रतिवेदन पेश करने का निर्देश दिया है.

# अजब-गजब:जिपं सदस्य कांग्रेस नेत्री पर आचार संहिता उल्लंघन का आरोप लगाया संगठन ने

**कोरिया/बैकुंठपुर।** कोरिया कांग्रेस के जिलाध्यक्ष प्रदीप गुप्ता ने तहसीलदार पटना को पत्र लिखकर जिला पंचायत निर्वाचन क्षेत्र क्रमांक 3 में आदर्श आचार संहिता के उल्लंघन की शिकायत की है।

जिलाध्यक्ष प्रदीप गुप्ता ने अपने शिकायती पत्र में बताया कि जिला पंचायत कोरिया के निर्वाचन क्षेत्र क्रमांक 3 बैकुण्ठपुर (तृतीय) में भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस से श्रीमती सुनीता देवी को अधिकृत प्रत्याशी घोषित किया है। किन्तु श्रीमती संगीता सोनवानी द्वारा कांग्रेस पार्टी के सभी राष्ट्रीय, प्रोदशिक नेताओं एवं जिलाध्यक्ष के फोटो वाले फ्लेक्स और बैनर लगाकर प्रचार-प्रसार किया जा रहा है। यह कृत्य पार्टी के अधिकृत प्रत्याशी के लिए अनुचित एवं चुनाव प्रक्रिया के नियमों के विरुद्ध है। यह आचार संहिता का खुलेआम उल्लंघन है, जिससे मतदाताओं में भ्रम की स्थिति उत्पन्न हो रही है। अत: आपसे विनम्र अनुरोध है कि इस विषय पर संज्ञान लेते हुए तत्काल आवश्यक कार्रवाई करें तथा श्रीमती संगीता सोनवानी द्वारा लगाए गए सभी अवैध फ्लेक्स, बैनर एवं पोस्टर को हटाने का आदेश देने की कृपा करें तथा उनके प्रचार वाहन को भी जप्त करने हेतु आवश्यक कार्यवाही करने का कष्ट करें। आपको बता कि पूर्व विधायक अम्बिका सिंह की करीबी संगीता सोनवानी इसके पहले भी कांग्रेस पार्टी से पूर्व में जिपं सदस्य का चुनाव जीत चुकी हैं। उल्लेखनीय यह भी है पंचायत चुनाव बिना पार्टी सिम्बल के लड़ा जाता है।




# मुख्यमंत्री के साथ मंत्री मंडल के सभी सहयोगियों ने त्रिवेणी संगम में किया पुण्य स्नान



**कोरिया।** छत्तीसगढ़ शासन का पूरा मंत्रिमंडल आज प्रयागराज संगम में स्नान कर पुण्य का भागीदार बनने के दिशा में सराहनीय योगदान किया। निश्चित तौर छत्तीसगढ़ सरकार एवं छत्तीसगढ़ की आम जनता के लिए के लिए बहुत ही महत्वपूर्ण है। सरकार के द्वारा दिए गए इस निर्णय से छत्तीसगढ़ की भाजपा सरकार की सोच सराहनीय है। इस महाकुंभ में छत्तीसगढ़ के राजपाल रमेन डेका, मुख्यमंत्री विषणुदेव साय, विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह एवं प्रदेश अध्यक्ष किरनसिंह देव स्वास्थ्य परिवार कल्याण मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल सपरिवार सहित मंत्रिमंडल के साथीगण, विधायकगण, सांसदगण एवं वरिष्ठ पदाधिकारियों के साथ भांचा राम की भूमि प्रयागराज पहुंचकर आस्था, परंपरा और संस्कृति के महासंगम महाकुंभ त्रिवेणी संगम में सपरिवार पवित्र स्नान कर प्रदेशवासियों की सुख-समृद्धि एवं खुशहाली के लिए कामना किया।

## नशीली सिरप के साथ 03 आरोपियों को किया गिरफ्तार

**रायपुर।** रायपुर पुलिस ने गंज थाना क्षेत्र में एक्सप्रेस-वे रोड पर प्रतिबंधित नशीली सिरप की तस्करी में शामिल तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों के कब्जे से कुल 240 नग प्रतिबंधित नशीली सिरप बरामद की गई, जिसका मूल्य लगभग 1 लाख रुपये बताया गया है। एण्टी क्राईम एंड साइबर यूनिट की टीम को सूचना मिली थी कि गंज थाना क्षेत्र के रेलवे स्टेशन के पास दो व्यक्ति प्रतिबंधित नशीली सिरप के साथ ग्राहकों का इंतजार कर रहे हैं। इस पर कार्रवाई करते हुए, टीम ने आरोपियों को रंगे हाथ पकड़ लिया। आरोपियों की पहचान शहनवाज खान 19 वर्ष निवासी मौदहा (उ.प्र.), स्वलिन वैष्णव 24 वर्ष निवासी रायपुर और सलाउद्दीन 22 वर्ष निवासी रायपुर के रूप में हुई।

# चरचा क्षेत्र को राष्ट्रीय स्तर पर पहचान दिलाने वाले दो महान विभूतियां स्व.सेशन और स्व.महाजन

**चरचा कालरी।** खेल केवल मनोरंजन का साधन नहीं, बल्कि संस्कृति, समर्पण और प्रेरणा का प्रतीक भी होता है। ऐसा ही एक उदाहरण है अखिल भारतीय सेशन स्मृति फुटबॉल प्रतियोगिता जो इस वर्ष अपने 49वें फुटबॉल टूर्नामेंट का आयोजन कर रही है। यह प्रतियोगिता स्वर्गीय आर. सेशन की स्मृति में आयोजित की जाती है, जो चर्चा क्षेत्र के प्रबंधक थे और फुटबॉल के प्रति अत्यधिक लगाव रखते थे। वे कर्मियों के हितैषी भी थे और खेल को बढ़ावा देने में अहम भूमिका निभाते थे। उनकी स्मृति को चिरस्थायी बनाने के लिए इस प्रतियोगिता की शुरुआत की गई थी, जो आज भी अनवरत रूप से जारी है।





इस प्रतियोगिता के आयोजन हेतु महाजन स्टेडियम- का निर्माण किया गया, जिसे स्वर्गीय एम. एल. महाजन की स्मृति में समर्पित किया गया। महाजन जी भी फुटबॉल के प्रति अत्यधिक समर्पित थे और उन्होंने अपने व्यक्तिगत धन से खिलाड़ियों को प्रोत्साहित किया। जैसे-जैसे प्रतियोगिता में भाग लेने वाले खिलाड़ियों और दर्शकों की संख्या बढ़ने लगी, उन्होंने स्टेडियम के निर्माण का संकल्प लिया। इसके लिए उन्होंने स्वयं नक्शा तैयार कराया, एस्टीमेट बनवाया और बिलासपुर मुख्यालय जाकर स्वीकृति प्राप्त की। इस तरह महाजन स्टेडियम अस्तित्व में आया और यह आज देशभर के फुटबॉल प्रेमियों के लिए एक पवित्र स्थल बन चुका है।

स्वर्गीय आर. सेशन और स्वर्गीय एम. एल. महाजन के अथक प्रयासों से चर्चा का नाम राष्ट्रीय स्तर पर पहुंचा आज देशभर के *हर फुटबॉल खिलाड़ी और कोच के लिए चर्चा एक प्रतिष्ठित स्थल बन चुका है। इन दोनों महान विभूतियों ने एक ऐसा मंच तैयार किया जिसने कई खिलाड़ियों को राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पहचान दिलाई इस प्रतियोगिता और इसके आयोजकों का योगदान केवल खेल तक ही सीमित नहीं है, इनकी मेहनत और समर्पण का परिणाम है कि आज चर्चा का नाम देश के हर कोने में गूंज रहा है। स्वर्गीय आर. सेशन और स्वर्गीय एम. एल. महाजन का योगदान अतुलनीय और अमूल्य है। उनका समर्पण और खेल के प्रति प्रेम सदैव हमारी स्मृतियों में जीवंत रहेगा। उनकी प्रेरणा से यह प्रतियोगिता निरंतर आगे बढ़ रही है और आने वाले वर्षों में भी फुटबॉल प्रेमियों को प्रेरित करती रहेगी।

## सोनहत के दोनों जिला पंचायत सीट जीत हासिल करेंगे:तिवारी

**कोरिया बैकुंठपुर।** विकास खण्ड सोनहत क्षेत्र पंचायत चुनाव को लेकर रामगढ़ सीतामढ़ी मे भाजपा की महत्वपूर्ण बैठक सम्पन्न। बैठक मे त्रिस्तरीय पंचयात चुनाव पर कार्यकर्ताओं से विस्तृत चर्चा कर पंचयात के प्रथम चरण पर होने वाले चुनाव को लेकर कार्य योजना बनाया गया।

भाजपा जिलाध्यक्ष देवेन्द्र तिवारी ने कहा कि, सोनहत क्षेत्र के दोनों जिला पंचयात सीट पर प्रथम चरण मे 17 फरवरी को चुनाव होगा, इसके लिए कार्यकर्ताओं को बूथ स्तर पर केन्द्र एवं राज्य सरकार की महत्वाकांक्षी योजनाओं एवं भाजपा के विचार धारा को जन-जन तक पहुँचायें। जिलाध्यक्ष श्री तिवारी ने कहा पंचायत चुनाव मे पार्टी के अधिकृत प्रत्याशियों के पक्ष मे मतदान करा कर विजयश्री हासिल के लिए आह्वान किया। बैठक मे भाजपा जिलाध्यक्ष देवेन्द्र तिवारी, जिला पंचायत सदस्य प्रत्याशी रामप्रताप मरावी, देवन सिंह, श्रीपत गुप्ता, पीपी सिंह, जगदीश सिंह, नारायण सहित पार्टी कार्यकर्तागण उपस्थित रहें।



## ज्यादा मुनाफा कमाने का झांसा देकर 47 लाख की ठगी

**रायपुर।** ऑनलाइन शेयर मार्केट में पैसा लगाकर ज्यादा मुनाफा कमाने का झांसा देकर 47 लाख की ठगी करने का मामला प्रकाश में आया है। प्रार्थी की शिकायत पर सिविल लाइन पुलिस ने अज्ञात मोबाइल धारक के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। प्रार्थी जगदीश मेहता 61 वर्ष कुबेर अपार्टमेंट शंकरनगर का रहने वाला है। प्रार्थी ने थाना में शिकायत किया कि उसके मोबाइल पर अज्ञात नंबर 76268-12171, 78980-35360 से वॉट्सअप मैसेज आया और ऑनलाइन शेयर मार्केट में पैसा लगाने पर ज्यादा मुनाफा दिलाने का झांसा देकर एप डाउनलोड करवा कर 47 लाख रुपए अपने खाता में जमा करवा लिया।

## फर्जी दस्तावेज के माध्यम से 52 लाख से अधिक की ठगी

**रायपुर।** फर्जी दस्तावेज के माध्यम से 59 लाख 52 हजार 900 रुपए की ठगी करने का मामला प्रकाश में आया है। प्रार्थी की शिकायत पर सिविल लाइन पुलिस ने आरोपी के खिलाफ धोखाधड़ी का अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थी प्रवीण चंद पारख 40 वर्ष कुंदन पैलेस बैरनबाजार का रहने वाला है। प्राथ्र्थी ने थाना में शिकायत किया कि आरोपी मोहम्मद अलताफ ने आरंग स्थित दूसरे की जमीन का फर्जी इकरारनामा तैयार कर फर्जी दस्तावेज तैयार कर बिक्री करने का सौदा कर कुल 59 लाख 52 हजार 900 रुपए ऐंठ लिया। जब प्रार्थी को ठगे जाने का एहसास हुआ तो उसने इसकी शिकायत सिविल लाइन थाना में की। मामले में पुलिस ने आरोपी के खिलाफ धोखाधड़ी का अपराध दर्ज किया है।

## अलग-अलग क्षेत्र से दोपहिया व तीनपहिया वाहन पार

**रायपुर।** शहर के अलग-अलग थाना क्षेत्र से अज्ञात चोर ने बाइक व ऑटो रिक्शा पार कर दिया। दोनों ही मामलों में पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ अपराध दर्ज किया है।

# पंचायत चुनाव में पुलिस की कई टीमें अपने-अपने क्षेत्र में शांति व्यवस्था बनाने करेंगी काम

## शिकायत या समस्या पर रिस्पांश टाईम में पुलिस पेट्रोलिंग पार्टी को पहुंचने के दिए निर्देश



**सूरजपुर।** त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव के मद्देनजर डीआईजी व एसएसपी सूरजपुर श्री प्रशांत कुमार ठाकुर ने गुरूवार, 13 फरवरी 2025 को जिला पुलिस कार्यालय के सभागार में सभी पुलिस राजपत्रित अधिकारी, थाना-चौकी प्रभारी व पंचायत चुनाव के दौरान लगाए गए सभी पुलिस पेट्रोलिंग पार्टी के अधिकारियों की बैठक लेकर आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

डीआईजी व एसएसपी सूरजपुर ने त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव के दौरान जिले में पुलिस पेट्रोलिंग पार्टी की तैनाती किस प्रकार की गई है, संख्याबल क्या है, पेट्रोलिंग कितने मतदान केन्द्रों को कंवर करेंगी, रूटचार्ट क्या है उसे मैप और पीपीटी के माध्यम से विस्तारपूर्वक बताया और कुशलतापूर्वक कर्तव्यों का निर्वहन करने के निर्देश दिए। उन्होंने पेट्रोलिंग पार्टी के अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि पूर्ण सावधानी के साथ मतदान दल को मतदान केन्द्र तक पहुंचाए और मतदान उपरान्त सुरक्षित वापसी कराये, चुनाव के दौरान वायरलेस सेट के माध्यम से पुलिस कन्ट्रोल रूम के सम्पर्क रहे और सजगता के साथ नियमित रूप से मतदान केन्द्रों का जायजा लेते रहे, किसी प्रकार की शिकायत या समस्या होने पर रिस्पांश टाईम में मौके पर पहुंचे और जरूरी कदम उठाए और व्यवस्था का सुचारू बनाए रखे।

उन्होंने थाना प्रभारियों को कहा कि मतदान केन्द्र में लगा पुलिस बल को ड्यूटी के दौरान मतदान केन्द्र पर क्या करें, क्या न करें उसके बारे अवगत कराए और जिले में शांतीपूर्ण तरीके से मतदान कराने को लेकर जरूरी निर्देश दिए। जिले में अंतरर्राज्जीय, सहित सीमावर्ती सरहदी क्षेत्रों में 12 स्थापित नाकों पर जिला पुलिस अलर्ट मोड पर रहे तथा संदिग्ध व वाहनों की दुरुस्त चेकिंग की जाए ताकि किसी प्रकार से अवैध वस्तुओं की तस्करी न हो सके। इस अवसर पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक संतोष महतो, सीएसपी एस.एस.पैंकरा, एसडीओपी प्रेमनगर नरेन्द्र सिंह पुजारी, एसडीओपी प्रतापपुर सौरभ उईके, एसडीओपी ओड़गी राजेश जोशी, डीएसपी अजाक पीडी कुजूर, एसडीओपी सूरजपुर अभिषेक पैंकरा, डीएसपी मुख्यालय महालक्ष्मी कुलदीप, डीएसपी रितेश चौधरी, अनूप एक्का, जिले के थाना-चौकी प्रभारी, जिला पुलिस कार्यालय के अधिकारी व सभी पेट्रोलिंग पार्टी के अधिकारीगण मौजूद रहे।

# पुलिस ने पीएसीएल चिटफण्ड कंपनी के 2 और डायरेक्टरों को किया गिरफ्तार



**सूरजपुर।** चिटफण्ड कंपनी के विरूद्व लंबित मामलों के निराकरण में तेजी लाने एवं आरोपियों की गिरफ्तारी के निर्देश डीआईजी व एसएसपी सूरजपुर श्री प्रशांत कुमार ठाकुर ने दिए थे। इसी परिपेक्ष्य में थाना सूरजपुर पुलिस ने धोखाधड़ी व चिटफण्ड के धाराओं के तहत पंजीबद्ध 2 प्रकरणों में कंपनी के 2 डायरेक्टरों को गिरफ्तार किया है। वर्ष 2016 में ग्राम केतका निवासी कमल सिंह केराम एवं ग्राम गंगोटी, चौकी बसदेई निवासी रनमेत बाई ने थाना सूरजपुर में रिपोर्ट दर्ज कराया था कि पीएसीएल कंपनी के डायरेक्ट एवं अन्य लोगों के द्वारा पैसा दोगुना करने का प्रलोभन देकर रूपया जमा कराया गया जो मैच्यूरिटी अवधि पूर्ण होने पर भी पैसा वापस नहीं कर धोखाधड़ी किया गया। दोनों ही मामलों की रिपोर्ट पर थाना सूरजपुर में क्रमश: अपराध क्रमांक 96/16 व अपराध क्रमांक 182/16 धारा 420, 120बी भादसं., 4,5,6 ईनामी चिट और धन परिचालन अधिनियम 1978, छ.ग. निक्षेपकों के हितों की संरक्षण अधिनियम 2005 की धारा 10 पंजीबद्ध कर विवेचना की गई। पूर्व में कंपनी के डायरेक्टर निर्मल सिंह भंगू, त्रिलोचन सिंह, सुखदेव सिंह व जोगेन्दर टाईगर को गिरफ्तार किया जा चुका है। डीआईजी व एसएसपी सूरजपुर प्रशांत कुमार ठाकुर ने चिटफण्ड के प्रकरणों में फरार आरोपियों की पतासाजी कर गिरफ्तार करने पुलिस टीम को लगाया था। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक संतोष महतो व सीएसपी एस.एस.पैंकरा के मार्गदर्शन में मामले की विवेचना के दौरान जानकारी मिली कि पीएसीएल कंपनी का डायरेक्टर दिल्ली में है जिसके बाद थाना सूरजपुर की पुलिस ने दबिश देकर कंपनी के डायरेक्टर आरोपी सुब्रोत भट्टाचार्य पिता स्व. बिरेश्वर उम्र 64 वर्ष निवासी एफ-19 साउथ सिटी-1 गुरूग्राम, थाना सेक्टर 40 जिला गुरूग्राम हरियाणा तथा गुरमीत पिता स्व. कुलवंत सिंह उम्र 60 वर्ष निवासी डीपी 9 मौर्या इलक्लेव प्रितमपुरा थाना मौर्या इनक्लेव दिल्ली नार्थ वेस्ट को पकड़ा। पूछताछ पर आरोपियों ने बताया कि पीएसीएल कंपनी का डायरेक्टर थे और अन्य डायरेक्टर के साथ मिलकर निवेशकों के राशि को डबल करने का झांसा देकर धोखाधड़ी करते हुए सूरजपुर जिले के हजारों निवेशकों से करोड़ों रूपये की धोखाधड़ी किये है। इस कार्यवाही में थाना प्रभारी सूरजपुर विमलेश दुबे, एसआई गंगासाय पैंकरा, एएसआई संजय सिंह, मनोज द्विवेदी, नंदलाल सिंह, आरक्षक राजेश्वर सिंह व रविराज पाण्डेय सक्रिय रहे।

# फगुनौटी के साथ वातावरण में समाई राख, जनता ने घेरा अफसरों को



## विवाद बढ़ा तो प्रभावित क्षेत्र में पुलिस को संभालना पड़ा मोर्चा

**कोरबा।** फाल्गुन का महीना शुरू होने और तेज हवाओं के चलने के साथ उन क्षेत्रों में समस्याओं का बोलबाला हो गया है जहां बिजली घरों से उत्सर्जित फ्लाई एश को डंप किया गया है। दर्री ईलाके के ग्राम नवागांव झाबू में सीएसईबी के राखड़ बांध से उड़ने वाली राख के कारण गांव के ग्रामीण आक्रोशित हो गए है। प्रदूषण की समस्या से परेशान ग्रामीणों ने सीएसईबी के अधिकारियों को घेर लिया। स्थिति बिगड़ने की सूचना होने पर कटघोरा पुलिस यहां पहुंची और मोर्चा संभाला। इस दौरान सीएसईबी ने आश्वास्त किया कि दो दिन में समस्या सुलझा लेंगे।

कोरबा जिले में राखड़ की समस्या एक विकराल समस्या बन गई है जिसके निराकरण को लेकर कोई ध्यान नहीं दे रहा,जिससे आम जनता को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। गर्मी की शुरुआत होने के साथ ही जिले के राखड़ बांध के किनारे बसे लोगों की परेशानियां बढ़ गई है। शुक्रवार की सुबह भी कुछ ऐसा ही हुआ,जब सीएसईबी पश्चिम पॉवर प्लांट के लिए नवागांव झाबू में बनाए गए राखड़ बांध से राख हवा के साथ उड़कर गांव में पहुंचने लगी,क्षेत्र के स्कूल में भी इस तरह की समस्या सामने आई जिससे बच्चों के साथ ही स्कूल प्रबंधन को परेशान होना पड़ा। लोगों के घरों के साथ ही उनके खाने पीने के समान में राखड़ का प्रभाव होने से वे काफी आक्रोशित हो उठे। आक्रोशित ग्रामीणों ने विभागीय अधिकारियों का घेराव का नारेबाजी करने लगे। ग्रामीण चाहते है,कि बांध में पानी का नियमित रुप से छिड़काव हो ताकी उन्हें समस्या का सामना ना करना पड़े।

गांव के ग्रामीणों और विभागीय अधिकारियों के बीच काफी देर तक नोक झोंक होती रही। ग्रामीणों का आरोप है,कि हर साल उन्हें इस तरह की दुश्वारियों का सामना करना पड़ता है बावजूद इसके विभाग उनकी समस्या का सामना नहीं करना पड़ता। ग्रामीणों के आक्रोश को देखते हुए आगामी दो दिनों के भीतर बांध में पानी का छिड़काव करने का वादा किया गया है,तब जाकर ग्रामीण शांत हुए।

### हर बार मिलता रहा आश्वासन, इससे भड़के लोग

समस्या इस बात को लेकर ज्यादा है कि एनटीपीसी और सीएसईबी के राखड़ बांध छुरीकला धनरास क्षेत्र में काफी नजदीक में है। एनटीपीसी के सुपर थर्मल पावर प्रोजेक्ट से 2600 मेगावाट बिजली उत्पादित हो रही है जबकि सीएसईबी की हसदेव थर्मल पावर परियोजना से 1340 मेगावाट बिजली का उत्पादन किया जा रहा है। प्रतिदिन इतनी बिजली उत्पादन के लिए दो लाख टन कोयला का उपयोग होता है। बिजली उत्पादन के बाद राख की बड़ी मात्रा का उत्सर्जन बिजली घरों से होता है। प्रबंधन ने फ्लाई ऐश पौंड में इसका भंडारण करना जारी रखा है। आरोप लगते रहे हैं कि सुरक्षा नियमों की अनदेखी की जा रही है जिससे समस्या बढ़ रही है। पिछले दो साल से नवागांव, झाबू, धनरास, छुरीकल, घमोटा आदि ग्रामों में ग्रामीण इसी बात को लेकर आंदोलन करते रहे। उन्हें आश्वासन दिया गया कि आगे से दिक्कत नहीं होगी लेकिन हालात ढाक के तीन पात वाले रहे। गर्मी में परेशानी होने पर लोगों का भड़कना स्वाभाविक था।

## बूथों में जा रहे भाजपाई

**कोरबा।** जिला पंचायत सदस्य चुनाव वाले क्षेत्रों में कल सम्मेलन आयोजित किए गए । मंडलो में आयोजित सम्मेलन में रणनीति चलाई गई। जिसके तहत चुनाव प्रभारी प्रत्याशी के साथ पंचायत क्षेत्र में जा रहे है। जबकि मंडल अध्यक्ष व अन्य कार्यकर्ताओं को बूथों में जाने की जवाबदारी दी गई है। आज बरपाली क्षेत्र में चुनाव अधिकारी रामनारायण सराफ पंचायत क्षेत्र में गए वहीं मंडल अध्यक्ष ओमप्रकाश साहू बूथों में जाकर कार्यकर्ताओं को रिर्चाज किया। करतला क्षेत्र में चुनाव अधिकारी आकाश सक्सेना व मंडल अध्यक्ष रामकुमार गबेल मिले दायित्व वाले क्षेत्र में गए कुदमुरा मंडल में बृजलाल राठिया उरगा में विनय पाण्डेय, किशन साव भी अपने अपने क्षेत्रों में गए। इसी तरह सभी मंडलों में चुनाव अधिकारी व कार्यकर्ता सक्रिय हो गए है।

## कोयलांचल महोत्सव की मांग

**कोरबा।** श्रमिक नेता सृष्टिधर तिवारी ने दीपका क्षेत्र में कोयलांचल महोत्सव के आयोजन की मांग की है। कहा गया है कि दीपका को कोयला उत्पादन के क्षेत्र में विश्वस्तरीय पहचान मिली हुई है, लेकिन यहां की संस्कृति, कला और स्थानीय प्रतिभाओं को भी राष्ट्रीय स्तर पर प्रस्तुत करने की जरूरत है। ऐसा होने से क्षेत्र को लाभ होंगे।

# 108 के डीएम से मारपीट आरोपियों की गिरफ्तारी प्रतीक्षित



**कोरबा।** स्वास्थ्य क्षेत्र में इमरजेंसी सेवा के कामकाज में शामिल 108 के डिस्ट्रिक्ट मैनेजर प्रिंस पांडेय को बंधक बनाकर मारपीट करने के मामले में पुलिस ने प्रकरण दर्ज किया है। पुलिस के मुताबिक आरोपियों की गिरफ्तारी प्रक्रियाधीन है।

तीन दिन पहले यह घटना सिविल लाइन पुलिस थाना क्षेत्र के अंतर्गत घटित हुई थी। इसमें प्रिंस पांडेय को अगवा कर उससे जमकर मारपीट की गई। दावे किए जा रहे हैं कि किरण चौहान नामक कर्मचारी ने प्रिंस को एक इंजेक्शन दिया जिसके असर से वह बेहोश हो गया। 108 के चालक मोतीलाल यादव और सहयोगी ने उससे मारपीट की। कई घंटे बाद जब प्रिंस को होश आया तब उसने ओड़िसा में अपने परिचित को मोबाइल पर लोकेशन शेयर किया और मामले की जानकारी दी। इसके बाद अन्य परिचितों से होते हुए पुलिस तक बात पहुंची, तब कहीं जाकर पीड़ित को अस्पताल पहुंचाने की व्यवस्था हो सकी। सिविल लाइन थाना प्रभारी डडसेना ने बताया कि इस घटनाक्रम को लेकर पीड़ित प्रिंस पांडेय, पश्चिम बंगाल निवासी की शिकायत पर दोनों आरोपियों के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता की धाराओं के अंतर्गत आपराधिक प्रकरण दर्ज कर लिया गया है। एमएलसी रिपोर्ट के आधार पर कार्यवाही की जा रही है। मामले में आरोपियों की गिरफ्तारी किया जाना बाकी है।

### कामकाज में अरूचि पर कार्रवाई

खबरों के मुताबिक जय अम्बे कंपनी ने इमरजेंसी 108 का कांट्रेक्ट लिया हुआ है। इसके संचालन और निगरानी की जिम्मेदारी कोरबा जिले में प्रिंस पांडेय को दी गई है। सही तरीके से कामकाज नहीं करने वाले कर्मियों की अनुपस्थिति लगाने से वेतन प्रभावित हो रहा था। इसी चक्कर में मोतीलाल को मुक्त कर दिया गया। बताया जाता है कि मारपीट की घटना के पीछे यह मुख्य वजह रही।

# पसान रेंज में दो खतरनाक दंतैल की दस्तक से हड़कंप



## बोकरामुड़ा में मचाया उत्पात

**कोरबा।** पड़ोसी जीपीएम जिले से दो खतरनाक दंतैल हाथियों ने एक बार फिर कटघोरा वनमंडल के पसान रेंज में दस्तक दे दिया है। दंतैल हाथियों ने यहां पहुंचते ही रेंज के बोकरामुड़ा गांव में जमकर उत्पात मचाया और इंदरपाल नामक ग्रामीण के घर के सीट को तोड़ने के साथ ही उनके बाड़ी में लगे सब्जी के पौधों को पूरी तरह तहस-नहस कर दिया जिससे इंद्रपाल को काफी आर्थिक नुकसान उठाना पड़ा है। दंतैल हाथियों के क्षेत्र में पहुंचने से जहां ग्रामीणों में दहशत का माहौल व्याप्त हो गया है वहीं वन विभाग भी सतर्क हो गया है। मुनादी कराने के साथ ग्रामीणों को सावधान किया जा रहा है। उनसे कहा जा रहा है कि क्षेत्र में खतरनाक दंतैल हाथियों की दस्तक हो गई है अत: वे इनसे दूरी बनाए रखें और जंगल भी न जाएं। बताया जाता है कि दंतैल हाथियों की दस्तक रात में हुई। एकाएक हाथियों के आने से क्षेत्र में हड़कंप मच गया। ग्रामीणों द्वारा तत्काल इसकी सूचना वन विभाग को दी गई जिस पर वन विभाग के अधिकारी व कर्मचारी मौके पर पहुंचे और दंतैल हाथियों को खदेड़ने की कार्यवाही की। वन अमला द्वारा खदेड़े जाने पर हाथियों ने जंगल का रूख किया और सिंदुरगढ़ होते हुए तनेरा पहुंच गया। वर्तमान में दोनों दंतैल यहां के जंगल के कक्ष क्रमांक ओएच 641 में विचरण कर रहे हैं जिसकी गहन निगरानी वन विभाग द्वारा की जा रही है। इससे पहले भी ये दोनों दंतैल पसान रेंज में पहुंचकर भारी उत्पात पहुंचा चुके हैं। दंतैल हाथियों के उत्पात से ग्रामीण एवं वन अमला काफी परेशान था।

इस बीच 34 हाथियों का दल कोरबा वनमंडल के कुदमुरा रेंज में फिर लौट आया है। हाथियों के धरमजयगढ़ जाने से वन विभाग ने राहत की सांस ली थी लेकिन 24 घंटे के भीतर ही वापस लौटने से एक बार फिर परेशानी बढ़ गई है।

# कटघोरा में निर्माणाधीन अटल चौक क्या होगा टिकाऊ?



**कोरबा।** कोरबा जिले के सब डिवीजन कटघोरा में तहसील और नगर पालिका कार्यालय के नजदीक बनाए जा रहे अटल चौक को लेकर सवाल उठ रहे हैं कि क्या यह टिकाऊ साबित हो सकेगा?

नगर के एक वार्ड से पार्षद चुनाव लड़ रहे अनुराग दुहलानी ने काम का ठेका लिया है, वह निकाय चुनाव में व्यस्त है। निर्माण की प्रक्रिया में यहां नियमित रूप से क्यूरिंग नहीं होने की खबर है। निर्माण कार्यों के सिलसिले में इसे आवश्यक माना जाता है। इसकी कमी से गुणवत्ता बाधित होती है। इस बारे में नगर पालिका के अभियंता अनिल कुमार से बातचीत की गई तो उन्होंने तर्क दिया कि ठेकेदार चुनाव में व्यस्त जरूर है लेकिन हमने काम पर निगरानी रखी है और एस्टीमेट के हिसाब से इसे कराया जा रहा है ।मौके पर टैंकर भी है। इसका उपयोग भी हो रहा है। इंजीनियर ने बताया कि मापदंड के हिसाब से नगरीय निकाय अपना काम कर रहा है।

# भाजपा प्रत्याशी की जीत तय, लीड पर नजर : देवांगन

### दावा : जातीय समीकरण से भी ज्यादा असर दूसरे मुद्दों का



**कोरबा।** नगरी निकाय चुनाव के नतीजे 15 फरवरी को दोपहर तक प्राप्त हो जाएंगे और स्पष्ट हो जाएगा की 6 निकायों में मतदाताओं ने क्या निर्णय दिया और किसके पक्ष में अपनी मानसिकता बनाई। इससे एक दिन पहले भाजपा नेता नरेश देवांगन ने दावा किया कि छुरी कला नगर पंचायत में अध्यक्ष पद की प्रत्याशी पद्मिनी प्रीतम देवांगन की जीत सुनिश्चित है। शुरू से ही इस मामले में कोई संशय नहीं रहा है। कई आधार पर यहां चुनाव को लड़ा गया। हमें और कार्यकर्ताओं को केवल इंतजार इस बात का है कि यहां पर जीत का अंतर कितने नंबर का होने वाला है।

नगर पंचायत छूरी कला मैं पिछले 10 वर्ष से कांग्रेस के अध्यक्ष रहे। कामकाज को लेकर लगातार सवाल खड़े होते रहे। इस बार भाजपा की ओर से पद्मिनी प्रीतम देवांगन प्रत्याशी बनाई गई जिनका मुकाबला कांग्रेस की रानी यादव से हुआ। भाजपा नेता और चुनाव संचालक नरेश देवांगन ने स्थानीय इलेक्शन स्ट्रेटजी और काउंटिंग से पहले हुई बातचीत में पूरे विश्वास के साथ दोहराया कि यहां से तो हमारे प्रत्याशी की ही जीत सुनिश्चित है और यह प्रत्याशी चयन व चुनाव प्रचार के दौरान हो गया था। अब सिर्फ इंतजार इस बात का है कि नगर पंचायत में भाजपा के अध्यक्ष प्रत्याशी की लीड कितने नंबर से होती है। उन्होंने कहा कि यहां के 15 में से 12 से ज्यादा वार्ड में भाजपा के पार्षद जीतेंगे।

स्थानीय चुनाव में बने हुए समीकरण के बारे में बातचीत करते हुए नरेश देवांगन में कहा की यह बात सही है कि यहां पर देवांगन समुदाय की अधिकता है। ऐसे में प्रत्याशी के लिए अनुकूलता होना स्वाभाविक है। लेकिन इससे भी बड़ी बात यह है कि यहां पर वार्ड क्रमांक 6 और 9 में यादव मतदाता की संख्या 450 से ज्यादा है और वहां से भी भाजपा लीड करने की पूरी स्थिति में है। कारण यह है कि हमारा संपर्क नगर पंचायत क्षेत्र के कोने-कोने में रहा है और लोगों से व्यक्तिगत संबंध बहुत पुराने हैं। हर स्तर पर सहयोग की भावना बहुत ज्यादा मायने रखती है और हमने इस जीवंत रखा है। पिछले 10 वर्ष में यह निकाय विकास के लिए तरस गया इसलिए जब इस चुनाव में पूर्व अध्यक्ष कांग्रेस के प्रचार में आए तो भाजपा के पक्ष में वातावरण और मजबूत हुआ। इससे भी ज्यादा महत्वपूर्ण बात यह है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री विष्णु देव की सरकार की योजनाओं का लाभ निकाय क्षेत्रों में लोगों को लगातार मिल रहा है। कैबिनेट मंत्री लखन लाल देवांगन के द्वारा क्षेत्र की आवश्यकताओं को लेकर गंभीरता दिखाने से भी इस चुनाव में भाजपा के लहर रही है और निश्चित रूप से इन सभी का लाभ हमारे प्रत्याशियों को मिला है।



रमकोला स्थित तोमर पिंगला हाथी अभ्यारण्य के ट्रेनिंग सेंटर में प्राथमिक प्रशिक्षण प्राप्त करते हुए कटघोरा वनमंडल के हाथी मित्र दल सदस्य।

## भाजपा के सम्मेलन में शामिल होंगे जिलाध्यक्ष

**कोरबा।** भाजपा के द्वारा ग्रामीणों क्षेत्रों के मंडलो में सम्मेलन कराए जा रहे है। आज दूसरे दिन लाफापोड़ी में सम्मेलन आयोजित है। यहां पर भाजपा के जिलाध्यक्ष मनोज शर्मा उपस्थित रहेगें। पाली मंडल का सरईपाली में सम्मेलन आयोजित है। यहां भाजना के पूर्व जिलाध्यक्ष पवन गर्ग उपस्थित रहेगें। हरदी बाजार मंडल का सम्मेलन रेकी में आयोजित है। यहां पर विधायक प्रेमचंद पटेल भाजपा जिला उपाध्यक्ष संजय भावनानी मौजूद रहेंगे।

# बालको हास्पिटल में डायलिसिस यूनिट शुरू



**बालकोनगर।** बालको हॉस्पिटल में किडनी रोगियों को राहत प्रदान करने के उद्देश्य से डायलिसिस यूनिट की शुरुआत की गई है। इस अत्याधुनिक यूनिट की स्थापना से उन मरीजों को सुलभ और उच्च-गुणवत्ता वाली चिकित्सा सुविधा उपलब्ध होगी, जिन्हें नियमित डायलिसिस की आवश्यकता होती है।

बालको हॉस्पिटल वर्षों से क्षेत्र में गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान कर रहा है। डायलिसिस यूनिट की शुरुआत के साथ, अब किडनी रोगियों को बेहतर इलाज के लिए अन्य शहरों की यात्रा नहीं करनी पड़ेगी। इस यूनिट में नवीनतम मशीनों और तकनीकों का उपयोग किया गया है, जिससे मरीजों को विश्वस्तरीय स्वास्थ्य सेवाएं प्राप्त होंगी।

डायलिसिस यूनिट का शुभारंभ सुश्री देशनी नायडू, सीईओ वेदांता रिसोर्सेस द्वारा किया गया। इस अवसर पर बालको के मुख्य कार्यकारी अधिकारी राजेश कुमार के साथ ही अन्य अधाकारी उपस्थित थे। बालको हॉस्पिटल के मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ विवेक सिन्हा ने बताया कि इस यूनिट की स्थापना से उन मरीजों को विशेष लाभ मिलेगा, जिन्हें क्रोनिक किडनी डिजीज (सीकेडी) या अन्य किडनी संबंधी समस्याओं के कारण नियमित डायलिसिस की जरूरत होती है। यह यूनिट पूरी तरह से प्रशिक्षित चिकित्सकों, विशेषज्ञों और नर्सिंग स्टाफ से युक्त है, जो मरीजों की हरसंभव देखभाल सुनिश्चित करेंगे। हमारे हॉस्पिटल में पहले से ही कई आधुनिक चिकित्सा सुविधाएं उपलब्ध हैं, और अब डायलिसिस यूनिट शुरू करने से किडनी रोगियों को बड़ा लाभ मिलेगा।

## वेलफेयर सदस्य देखेंगे कालोनी की स्थिति

**कोरबा।** एसईसीएल कोरबा पूर्व में बढ़ते मच्छारों का प्रकोप व गंदगी को देखते हुए वेलफेयर कमेटी के सदस्य कालोनी का निरीक्षण करेंगे। मानिकपुर में अधिकारियों के साथ वेलफेयर कमेटी सदस्य मिनी लाल साहू, रामलाल साहू, उत्तम खुटे, डी रविन्द्र, राजेश पिल्लई कालोनी का निरीक्षण करेंगे। इनका कहना है कि प्रबंधन कुछ दिनों बाद तारिख तय कर सूचना देगें। इसी तरह केन्द्रीय कर्मचाशा में भी वेलफेयर कमेटी सदस्य दिनेश साहू, बाबूलाल चन्द्रा, एनके साव , विपिन सिंह, डी पी लहरे, कालोनी का निरीक्षण करेंगे। काफी दिनों से कालोनी का निरीक्षण नही हुआ है। कामगारों की शिकायत बार बार मिल रही है।










स्वामी कौशल किशोर मिश्र की ओर से प्रकाशक, मुद्रक सुभाष अग्रवाल द्वारा आकाश आफसेट प्रिंटर्स से मुद्रित कर तिलक मार्ग, ट्रासंपोर्ट नगर, कोरबा से प्रकाशित, संपादक सुभाष अग्रवाल फोन: 221149, मो. : 9425224167 आर.एन.आई. पंजी. नं. 50254/89, ई-मेल tarunpresskrb@gmail.com